# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 26 दिसंबर 2024


# नए-पुराने टेंडर में पेंच... इसलिए दवा निगम के स्टॉक से 190 तरह की दवाएं खत्म

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

सरकारी अस्पतालों में दवा की सप्लाई करने की जिम्मेदारी उठाने वाले छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन (सीजीएमएससी) के स्टॉक में लगभग 190 तरह की महत्वपूर्ण दवाइयों का टोटा हो गया है। इनमें अस्सी तरह की दवाओं की सप्लाई के लिए विभिन्न कंपनियों से किए गए रेट कांट्रेक्ट दिसंबर में एक्सपायर हो गए हैं। इन दवाओं का इंतजाम शीघ्र नहीं किया जाता है, तो आने वाले दिनों में अस्पताल आने वाले मरीजों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। स्टॉक जीरो होने की प्रमुख वजह ▶▶|शेष पेज 4 पर

- अस्सी महत्वपूर्ण दवाओं के रेट कांट्रेक्ट दिसंबर में एक्सपायर
- जल्दी नहीं हुआ इंतजाम तो आने वाले दिनों में मरीजों को होगी परेशानी



### यह होता है आरसी

रेट कांट्रेक्ट या अनुबंध दर के आधार पर सीजीएमएससी सप्लायर एजेंसी से एक करार करती है। इसमें एक निश्चित अवधि तक तय कीमत और नियमों के मुताबिक संबंधित दवाओं अथ वा उपकरणों की आपूर्ति की जाती है। इस अनुबंध दर को सामान्य तौर पर आरसी कहा जाता है। जिन 80 तरह की आवश्यक दवाओं के लिए वर्ष 2022 में विभिन्न सप्लायर एजेंसी से अनुबंध हुआ था, वह अब समाप्त हो चुका है।

### इनका स्टॉक जीरो

| | | |
|---|---|---|
| एंटीबायोटिक | - | दर्जनभर से ज्यादा दवाएं और इंजेक्शन |
| एंटीवायरल | - | पांच प्रकार की जरूरी दवाएं |
| एंटीफंगल | - | तीन प्रकार की दवाएं और क्रीम |
| एंटी कैंसर | - | ग्यारह तरह की दवाएं |
| डायबिटीज मैनेजमेंट | - | पांच प्रकार आवश्यक दवाएं |
| दर्द निवारक | - | तीन कंपनियों की दवाएं |
| अस्थमा एवं सीओपीडी | - | चार प्रकार की दवाएं |
| फिजियाट्रिक एवं न्यूरो | - | चार तरह की जरूरी दवाएं |
| विटामिन्स | - | चार प्रकार की आवश्यक दवाएं |

### बढ़ाया जाता है आरसी टेंडर प्रक्रियाधीन

सीजीएमएससी की एमडी पद्मिनी भोई साहू ने महत्वपूर्ण दवाओं के जीरो स्टॉक होने से इनकार किया है। उनका कहना है कि यह आरसी की स्थिति है। सप्लायर एजेंसी के साथ किए गए रेट कांट्रेक्ट को आवश्यकता अनुसार बढ़ाया जाता है। आने वाले दिनों में दवाओं की खरीदी जैम पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए शासन से अनुमति मिल चुकी है और नए टेंडर प्रक्रियाधीन हैं।






## राजनांदगांव में भर्ती का मामला, सीएम बोले- गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं

# सिपाही की मौत और सात की गिरफ्तारी के बाद आखिरकार पुलिस भर्ती रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

हरिभूमि लगातार

पुलिस आरक्षक भर्ती में गड़बड़ियों की शिकायतों के बाद शासन ने आखिरकर भर्ती प्रक्रिया रद्द कर दी। मामला राजनांदगांव जिले का है। हरिभूमि द्वारा लगातार इस भर्ती प्रक्रिया में नम्बर देने डेटा एंट्री की गड़बड़ी को उजागर किया गया था।

बीते 16 नवंबर से राजनांदगांव शहर की आठवीं बटालियन में अलग-अलग जिलों के लिए 630 पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जिसमें 60 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इस भर्ती प्रक्रिया में हैदराबाद की कंपनी टाइमिंग टेक्नोलॉजी के द्वारा 400 रुपये मानदेय पर नियुक्त डेटा ऑपरेटर द्वारा अभ्यर्थियों का नंबर बढ़ाये जाने को लेकर डेटा एंट्री में की गई गड़बड़ी सामने आई थी। ▶▶|शेष पेज 4 पर

22 दिसंबर को प्रकाशित खबर


कंपनी की एंट्री में ढेरों गलतियां, अंकों के हेरफेर की आशंका
पुलिस भर्ती पर कई सवाल, 400 रुपए मानदेय वालों के जिम्मे अंकों की एंट्री

23 दिसंबर को प्रकाशित खबर


तीन हजार अभ्यर्थियों की एंट्री मिली गलत
पुलिस भर्ती में हैदराबाद की कंपनी की लापरवाही उजागर

### आरक्षक ने की थी आत्महत्या

इस भर्ती प्रक्रिया में लॉन्ग जंप में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस आरक्षक भी संदेह के दायरे में था, जिसने आत्महत्या कर ▶▶|शेष पेज 4 पर

**भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं**

मुख्यमंत्री द्वारा भर्ती प्रक्रिया रद्द किए जाने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा है कि आज सुशासन दिवस के अवसर पर राजनांदगांव पुलिस भर्ती मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर इस पूरी भर्ती को रद्द करने का सराहनीय निर्णय लिया ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ट्वीट कर दी सूचना रात तक आदेश जारी नहीं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज सुबह अपने प्रवक्ता के जरिए भर्ती को रद्द करने की जानकारी ट्विटर और व्हाट्सएप के जरिए दी। सुबह से रात तक पुलिस के आला अफसर पीएचक्यू के आदेश का इंतजार करते रह गए लेकिन देर रात तक आदेश जारी नहीं हुआ। बताया जाता है कि सीएम विष्णुदेव साय ने जब मीडिया को इसकी जानकारी दी, तब कहीं जाकर राजनांदगांव में चल रही पुलिस भर्ती को बंद कराया गया।

**गड़बड़ी की भर्ती रद्द**

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सुशासन दिवस के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस भर्ती मामले में सुशासन स्थापित करने का संदेश देते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायत हुई थी, कहीं भी गड़बड़ी सरकार बर्दाश्त नहीं करेंगी, इसलिए इस भर्ती को रद्द कर दिया गया है। दोषियो को बख्शा नहीं जाएगा।

## खबर संक्षेप

### क्रिकेटर नमन के पिता को 7 साल की जेल

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर नमन ओझा के पिता को करोड़ों के हेरफेर के मामले में कड़ी सजा सुनाई गई है। 11 साल पहले एमपी के बैतूल में बैंक ऑफ महाराष्ट्र में गबन का एक बड़ा मामला सामने आया था। गबन में भूमिका के लिए विनय ओझा को सात साल की सजा सुनाई गई है। साल 2013 में जौलखेड़ा गांव में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा से 1.25 करोड़ रुपए का गबन किया गया था।



# संसद भवन के पास खुद को किया आग के हवाले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद भवन के पास बुधवार एक शख्स ने खुद को आग लगा ली। इससे वह बुरी तरह झुलस गया। उसे आनन-फानन में हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस को मौके पर पेट्रोल मिला है। शख्स ने ऐसा क्यों किया फिलहाल पुख्ता कारण का पता नहीं चल पाया है।

- आत्मदाह की कोशिश से हड़कंप

### मौके से मिला अधजला नोट

मौके से 2 पन्ने का अधजला नोट मिला है। पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया है। बता दें कि घायल को घटना के तुरंत बाद कंबल से ढका गय ढका गया था। दिल्ली पुलिस ने कहा कि यह मामला संभवतः बागपत में किसी से व्यक्तिगत दुश्मनी से जुड़ा हुआ है। आगे की जांच जारी है।

### रेल भवन के पास लगाई आग फिर संसद की ओर दौड़ा

पुलिस के मुताबिक शख्स ने रेल भवन के पास पार्क में खुद को आग लगाई। उसके बाद संसद भवन की तरफ भागने लगा। शुरुआती जांच में पता चला है कि उत्तर प्रदेश के बागपत के रहने जितेन्द्र ने रेल भवन चौराहे पर खुद को आग लगाई है। स्थानीय पुलिस और रेलवे पुलिस ने कुछ नागरिकों के साथ मिलकर तुरंत आग बुझाई और व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया।

# एयरबैग ने ही ले ली 6 साल के बच्चे की जान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां कार में एयरबैग खुलने से उसमें बैठे 6 साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब आगे चल रही एसयूवी से कार टकरा गई और उसका एयरबैग खुल गया। ये दुखद हादसा नवी मुंबई के वाशी इलाके में हुआ है। पुलिस ने एसयूवी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी चालक कॉस्मेटिक सर्जन हैं।

- एसयूवी से टकराई कार फिर खुल गया एयरबैग
- एसयूवी चालक के खिलाफ केस दर्ज



### पानी-पूरी खाने जा रहे थे बच्चे

मृतक हर्ष के पिता ने बताया कि उनके बच्चे पानी-पूरी खाने की जिद कर रहे थे। वह उन्हें बाजार लेकर जा रहे थे, तभी हादसा हो गया। हर्ष के पिता ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 11:30 बजे वह गाड़ी चला रहे थे। हर्ष उनके बगल में बैठा हुआ था। बाकी लोग कार के पीछे वाली सीट पर बैठे हुए थे।






### सिम धोखाधड़ी से 7.5 करोड़ रुपए की ठगी

**मुंबई।** पुलिस ने 'सिम स्वैप' साइबर धोखाधड़ी के कारण मुंबई से संचालित निजी कंपनी के मालिक द्वारा गंवाए गए 7.5 करोड़ रुपए में से 4.65 करोड़ 'फ्रीज' करने में कामयाबी हासिल की। ठगी का अहसास होने पर कंपनी मालिक ने साइबर हेल्पलाइन से मदद मांगी थी।



### बस भीमताल की खाई में गिरी, तीन की मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले के भीमताल क्षेत्र में बस के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार तीन यात्रियों की मृत्यु हो गई। बस आमडाली के समीप अनियंत्रित होकर सड़क से 1500 फुट नीचे गहरी खाई में गिर गई।



### बंदरगाह पर क्रेन गिरी तीन श्रमिकों की गई जान

**देवभूमि द्वारका।** गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में ओखा बंदरगाह पर एक जेटी निर्माण स्थल पर बुधवार को क्रेन गिरने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। जिलाधिकारी जीटी पंड्या ने बताया कि ओखा बंदरगाह पर जेटी का निर्माण गुजरात समुद्र बोर्ड द्वारा किया जा रहा है।






26122024-Dak-02_Layout 1 12/26/2024 12:17 AM Page 1



# राजस्थान के कोटा में नियति का अजीब खेल

# जिस पत्नी के लिए लिया वीआरएस, रिटायरमेंट पार्टी में ही उनकी चली गई जान

एजेंसी ▶▶| कोटा

राजस्थान के कोटा में नियति का एक अजीब खेल दिखाने वाली घटना सामने आई है, जहां सरकारी अधिकारी पति ने अपनी सेवानिवृत्ति से 3 साल पहले अपनी बीमार पत्नी की सेवा के लिए वीआरएस ले लिया। लेकिन वीआरएस लेने वाले दिन ही रखी गई पार्टी में पत्नी हीं दुनिया छोड़ गई। जब सभी लोग ख़ुशी से पार्टी कर रहे थे, तभी अचानक से पत्नी कुर्सी पर बैठे-बैठे बेहोश होकर गिर पड़ी, जिसके बाद वहां मौजूद लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने हर किसी को हैरान कर दिया है।

**परिवार वालों ने सेवानिवृत्ति पर रखी थी पार्टी**

घटना कोटा के दादाबाड़ी इलाके की है। कोटा के दादाबाड़ी इलाके में रहने वाले देवेंद्र कुमार सेंट्रल वेयर हाउस में बतौर मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। उनकी पत्नी को हार्ट की समस्या थी और काफी समय से बीमारी से जूझ रहीं थीं। पति देवेंद्र 3 साल बाद रिटायर होने वाले थे। लेकिन पत्नी की देखभाल के लिए देवेंद्र ने सेवानिवृत्ति से 3 साल पहले ही वीआरएस ले लिया। देवेंद्र के दोस्तों और रिश्तेदारों ने इस मौके पर छोटी सी पार्टी भी रखी थी। पार्टी में रिश्तेदार और देवेंद्र के तमाम दोस्त पहुंचे थे। इस दौरान परिचित और रिश्तेदार देवेंद्र को माला पहनाकर नए जीवन की शुभकामनाएं दे रहे थे। इसी दौरान कई लोगों के कहने पर देवेंद्र की पत्नी दीपिका ने भी देवेंद्र को माला पहनाई। माला पहनाने के कुछ देर बाद ही दीपिका को चक्कर आया और नीचे गिरकर अचेत हो गईं।



## सभी हैं अचंभित

इस पर वहां मौजूद परिवार के लोग उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने दीपिका को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पार्टी के लोगों के साथ-साथ शहर के लोग भी हैरान हैं। क्योंकि जिस पत्नी की सेवा के लिए पति ने वीआरएस लिया था। वो पत्नी ही उसे छोड़कर चली गई।

## मौत का वीडियो वायरल

पति के रिटायरमेंट पर विदाई पार्टी में पत्नी की मौत का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है, जिस पर लोग अपनी संवेदना व्यक्त कर रहे हैं और घटनाओं के दुर्भाग्यपूर्ण समय पर शोक व्यक्त कर रहे हैं, जिसके कारण देवेंद्र और उनके परिवार को इतनी बड़ी त्रासदी का सामना करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### रायपुर के आदित्य राजे ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** पर्यावरण मित्र डॉ. आदित्य राजे सिंह ने भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके लखनऊ आवास पर मुलाकात कर उनका आशीर्वाद पाया। 11 वर्षीय डॉ. आदित्य राजे ने बड़े होकर एक वैज्ञानिक के रूप में भारतीय रक्षा प्रणाली के साथ काम करने की अपनी इच्छा के बारे में चर्चा की। पर्यावरण और योग के क्षेत्र में 5 वर्ष की उम्र से लगातार किए जा रहे अपने कार्यों के बारे में भी रक्षा मंत्री जी को अवगत कराया। आदित्य राजे ने विश्व पर्यावरण दिवस 2024 पर सेना के जवानों और सेना के साथ आयोजित अपने इस वर्ष के पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के अभियान के बारे में भी बताया। रक्षा मंत्री ने आदित्य राजे सिंह के द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा एवं प्रसन्नता जाहिर की।

### वाघेला ने बनाई 84 साल की उम्र में नई पार्टी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात से आने वाले पूर्व सीएम शंकर सिंह वाघेला 84 साल की उम्र में अपना नया राजनीतिक दल लांच करने जा रहे हैं। यह नेता लंबे वक्त तक बीजेपी में रहे हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जुड़े रहे हैं। वे केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं। वाघेला ने ऐलान किया है कि वह प्रजा शक्ति डेमोक्रेटिक पार्टी (पीएसडीपी) नाम से राजनीतिक दल लॉन्च करेंगे।

### सबरीमला में आज होगी प्रसिद्ध 'मंडला पूजा'



**कोट्टायम।** सबरीमला भगवान अयप्पा मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा के पहले चरण के समापन पर एक प्रमुख अनुष्ठान 'मंडला पूजा '26 दिसंबर को होगी। त्रावणकोर देवास्वोम बोर्ड (टीडीबी) के अध्यक्ष पीएस प्रशांत ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह अनुष्ठान मंदिर के तंत्री (मुख्य पुजारी) कंडाररू राजीवरू द्वारा दोपहर से 12.30 बजे के बीच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि औपचारिक 'थंका अंकी' जुलूस रविवार को पथानामथिट्टा में अरनमुला पार्थसारथी मंदिर से शुरू हुआ, जो बुधवार दोपहर तक पंबा पहुंचेगा।

**मरने वालों में ज्यादातर बच्चे और महिलाएं शामिल**

# अफगानिस्तान में पाकिस्तान ने की एयरस्ट्राइक, 46 लोगों की मौत

**अफगानिस्तान ने कहा यह अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का घोर उल्लंघन**

**भड़के तालिबान ने जवाबी कार्रवाई का भी किया ऐलान**

एजेंसी ▶▶| काबुल

अफगानिस्तान के पूर्वी पक्तिका प्रांत में मंगलवार को पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई बमबारी में कम से कम 46 लोग मारे गए, जिनमें से ज़्यादातर बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। अफगान तालिबान ने अपने पड़ोसी मुल्क के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की बात कही है। रॉयटर्स के मुताबिक तालिबान के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने बुधवार को बताया कि अफगानिस्तान में चार स्थानों पर बमबारी हुई। इसमें छह लोग घायल भी हुए हैं। पाकिस्तानी सरकार और सैन्य अधिकारियों ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्लाह खौराजमी ने कहा, 'अफगानिस्तान इस क्रूर कृत्य को सभी अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का घोर उल्लंघन और आक्रामकता का एक स्पष्ट कार्य मानता है। इसका जवाब जरूर दिया जाएगा।'




**एक परिवार के पूरे 18 सदस्यों की मौत**

*बरमल निवासी मालेल ने एएफपी को बताया कि मंगलवार को हुए हमलों में एक परिवार के 18 सदस्य मारे गए। उन्होंने कहा, 'बमबारी में दो या तीन घर शामिल थे, एक घर में 18 लोग मारे गए, पूरा परिवार अपनी जान गंवा बैठा. एक अन्य घर में हमले में तीन लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।'*

### हमले की वजह

दोनों पड़ोसियों के बीच तनावपूर्ण संबंध हैं। पाकिस्तान का कहना है कि उसके देश में हुए कई आतंकवादी हमले अफगान धरती से किए गए हैं। हालांकि अफगान तालिबान ने इन आरोपों से इनकार किया है। मार्च में उनके संबंध और भी जटिल हो गए, जब तालिबान ने पाकिस्तान पर अपने क्षेत्र में दो हवाई हमले करने का आरोप लगाया, जिसमें पांच महिलाएं और बच्चे मारे गए। उस समय पाकिस्तान ने स्वीकार किया था कि उसने अफगानिस्तान में खुफिया-आधारित आतंकवाद-रोधी अभियान चलाए थे, लेकिन अभियानों की प्रकृति को स्पष्ट नहीं किया।

## क्रिसमस पर यूक्रेन पर रूस ने की 170 से ज्यादा एयर स्ट्राइक



रूस की व्लादिमीर पुतिन सरकार ने क्रिसमस पर जानबूझकर यूक्रेन पर सैकड़ों एयर स्ट्राइक की हैं। रूसी सेना ने बुधवार को यूक्रेन की विद्युत प्रणाली को निशाना बनाते हुए बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक बयान में दावा किया है कि रूस ने बैलिस्टिक मिसाइलों सहित 70 से ज्यादा मिसाइलें और 100 से अधिक ड्रोन का इस्तेमाल किया। यूक्रेन रक्षा प्रणाली ने रूस की 59 मिसाइल और 54 ड्रोन को हवा में ही नष्ट कर दिया था। यूक्रेनी विदेश मंत्री एंड्री साइबिहा ने कहा कि एक रूसी मिसाइल मोल्दोवन और रोमानियाई हवाई क्षेत्र से गुजरी। जेलेंस्की ने कहा, 'पुतिन ने जानबूझकर हमले के लिए क्रिसमस का दिन चुना। इससे अधिक अमानवीय क्या हो सकता है?'' उन्होंने कहा कि यूक्रेन कम से कम 50 मिसाइलों और बड़ी संख्या में ड्रोन को मार गिराने में सफल रहा। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हरमन हालुशेंको ने फेसबुक पर दिए एक बयान में कहा कि रूस ने फिर से ''ऊर्जा अवसंरचना पर बड़े पैमाने पर हमला किया है।'

**भाजपा अध्यक्ष नड्डा के आवास पर हुई एनडीए घटक दलों की बैठक**

**केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भी रहे मौजूद**

# कांग्रेस सहित विपक्षी दलों को एकजुटता से जवाब देगा एनडीए

**एकस्वर में कहा**

**अंबेडकर संविधान और जाति जनगणना जैसे मुद्दों पर कांग्रेस कर रही भ्रामक प्रचार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर बुधवार को हुई एनडीए घटक दलों की बैठक में फैसला लिया गया कि कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर फैलाये जा रहे झूठ और भ्रामक प्रचार का पूरी एकजुटता के साथ जवाब दिया जाए। साथ ही इस बात पर भी एकराय प्रकट की गई कि कांग्रेस से बेवजह उलझने की बजाय सकारात्मक कार्यों और विकास योजनाओं पर ध्यान केंद्रित रखा जाए। नड्डा के सरकारी आवास पर हुई यह बैठक करीब घंटेभर चली। इस अवसर पर नड्डा के अलावा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा टीडीपी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू, जेडीयू के राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह, जद (एस) के एचडी कुमारस्वामी, शिवसेना से प्रताप राव जाधव,टीडीपी नेता के. राममोहन नायडू, हम के जीतन राम मांझी, अपना दल की अनुप्रिया पटेल भारत धर्म जन सेना के नेता तुषार वेल्लापल्ली और निषाद पार्टी के संजय निषाद के अलावा अन्य नेता मौजूद थे।

### शाह ने कांग्रेस पर साधा निशाना


*शाह ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू सहित गठबंधन नेताओं को संबोधित करते हुए कथित तौर पर इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस भाजपा के खिलाफ झूठी कहानियां गढ़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने एनडीए से ऐसे प्रयासों का एकजुट होकर मुकाबला करने का आग्रह किया। उन्होंने कांग्रेस पर ऐतिहासिक रूप से अंबेडकर की विरासत की उपेक्षा करने का आरोप लगाया, जबकि अब इसे राजनीतिक लाभ के लिए हथियाने का प्रयास किया जा रहा है।*

# सौरभ के खिलाफ कसा शिकंजा लुकआउट सर्कुलर हुआ जारी

एजेंसी ▶▶| भोपाल

कैश कांड में मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के पूर्व कॉन्सटेबल सौरभ शर्मा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी। भारत आने पर सीधे जांच एजेंसियां उसे गिरफ्तार कर लेगी। इनकम टैक्स विभाग ने लुकआउट नोटिस जारी करने की सिफारिश की थी। सौरभ शर्मा अभी फरार है। डीजीपी जयदीप प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया था कि सौरभ शर्मा के पिता आरके शर्मा एक सरकारी डॉक्टर थे और 2015 में उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद, सौरभ शर्मा को 2015 में अनुकंपा के आधार पर राज्य परिवहन विभाग में एक कांस्टेबल के रूप में नियुक्त किया गया और 2023 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। डीजीपी ने ये भी कहा कि पूर्व पुलिसकर्मी सौरभ शर्मा ने स्कूल और होटल स्थापित करने के लिए भ्रष्ट तरीकों से अर्जित धन का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान मिले बैंक विवरण और भूमि दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

**मध्य प्रदेश: कैश कांड**



### मिली थी 235 किलो चांदी और 2.95 करोड़ कैश

*19 दिसंबर को लोकायुक्त और आयकर विभाग के छापों में सौरभ शर्मा के ठिकानों से 235 किलो चांदी और 2.95 करोड़ रुपए कैश मिले थे। वहीं 19 दिसंबर की देर रात मेंडोरी के जंगल से एक कार से 52 किलो सोना मिला। 11 करोड़ रुपए कैश भी बरामद हुआ था। कार एक मकान के बाहर लावारिस हालत में मिली थी। सोने की कीमत करीब 40 करोड़ 47 लाख रुपए आंकी गई थी। कार का मालिक चेतन सिंह गौर सौरभ का करीबी है।*

### मामले को लेकर कांग्रेस हमलावर

मध्य प्रदेश की राजधानी में परिवहन विभाग के पूर्व कांस्टेबल सौरभ की काली कमाई के खुलासे से कई रसूखदार जांच के घेरे में आ सकते हैं। उधर कांग्रेस इस मसले को लेकर बीजेपी सरकार पर हमलावर नजर आ रही है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने पीएम मोदी से परिवहन घोटाले की हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस नेता ने ये भी कहा कि जांच में प्राप्त बेनामी संपत्तियां कुर्क की जाए और धनराशि शासकीय खजाने में जमा की जाए. उन्होंने जांच का दायरा बढ़ाने और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की भी मांग की है।






### खालिस्तानी आतंकवादियों के शवों को ले जा रही एंबुलेंस हादसे का शिकार

**पीलीभीत।** यूपी के पीलीभीत में बीते सोमवार को मुठभेड़ के बाद यूपी और पंजाब पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन खालिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया था। मारे खालिस्तानी आतंकवादियों का शव लेकर बुधवार को एक एंबुलेंस पंजाब जा रही थी, जिसका एक अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हो गया। यह घटना रामपुर में सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे बाईपास की है। खालिस्तानी आतंकवादियों के शव को लेकर जा रही एंबुलेंस की एक्सीडेंट की खबर सुनकर हड़कंप मच गया। हादसे की सूचना मिलते ही एसपी, एएसपी और सीओ समेत आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए।




रायपुर
गुरुवार 26 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष एकादशी
वर्ष : 23, अंक : 160
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 26.8
न्यून. 18.2

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 भारोत्तोलक देवी ने एशियन चैंपियनशिप में जीता रजत

विचार पेज
02 संभल में बंद मंदिर मिलने के मायने

# चुनाव में अब मेयर 25 लाख, पालिकाध्यक्ष 10 लाख तक कर सकेंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव के लिए सरकार ने मेयर, नगर पालिकाध्यक्ष और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के लिए चुनाव खर्च की जो सीमा तय की थी, उसे 12 दिनों में बदल दिया गया है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 12 दिसंबर को जारी अधिसूचना को अधिक्रमित करते हुए नई अधिसूचना जारी कर दी है। खास बात ये है कि इस बार खर्च की राशि पहले के मुकाबले तीन गुना या उससे अधिक बढ़ाई गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ताजा अधिसूचना के मुताबिक अब नगर पालिक निगम में पांच लाख से अधिक जनसंख्या वाले निगम में मेयर पद के प्रत्याशी 25 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे। तीन लाख से पांच लाख जनसंख्या वाले निगम के लिए यह सीमा 20 लाख, तीन लाख से कम वाले निगम में 15 लाख तक की लिमिट होगी।

### नगर पालिका के लिए इतनी सीमा

इसी प्रकार नगर पालिका परिषद की स्थिति 50 हजार या उससे अधिक जनसंख्या होने पर 10 लाख, 50 हजार से कम जनसंख्या होने पर 8 लाख रुपए खर्च किए जा सकेंगे। नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के लिए यह सीमा 6 लाख रुपए रखी गई है।

### 12 दिनों में बदली गई खर्च करने की लिमिट

पहले से कई गुना अधिक खर्च कर सकेंगे



### 12 दिन में बदल गई खर्च की सीमा

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 12 दिसंबर को इस संबंध में पहली अधिसूचना जारी की थी। उस समय नगर पालिक निगम के मेयर पद के प्रत्याशी के लिए तीन लाख या उससे अधिक जनसंख्या पर 8 लाख रुपए, तीन लाख से कम होने पर पांच लाख रुपए, नगर पालिका परिषद के लिए दो लाख रुपए और नगर पंचायत के लिए खर्च की लिमिट 75 हजार रुपए रखी थी। लेकिन 24 दिसंबर को जारी नई अधिसूचना में पुरानी अधिसूचना को अधिक्रमित किया गया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पुल के नीचे से 3.6 किलो विस्फोटक बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में सुरक्षा बलों ने पुल के नीचे से 3.6 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया है। असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में इंफाल-चुराचांदपुर मार्ग पर स्थित लीसांग गांव से विस्फोटक जब्त किया। लीसांग गांव में आईईडी होने की विशिष्ट खुफिया सूचना मिली।

### 'बाल्ड ईगल' होगा अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी



**वाशिंगटन।** अमेरिका में 240 से अधिक वर्ष से शक्ति का प्रतीक रहे 'बाल्ड ईगल' को मंगलवार को देश का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने संसद द्वारा उन्हें भेजे गए उस विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए। इसमें संयुक्त राज्य संहिता में संशोधन करके बाल्ड ईगल को राष्ट्रीय पक्षी के रूप में नामित किया गया है।

रूस जा रहा अजरबैजान एयरलाइंस का विमान कजाकिस्तान में क्रैश

# पक्षी से टकराकर दो हिस्सों में टूटा विमान, 42 की मौत

अजरबैजान से रूस जा रहा एक विमान कजाकिस्तान में क्रैश हो गया। विमान के परखच्चे उड़ गए और उसके हिस्से जमीन पर दूर-दूर तक बिखर गए। यह दर्दनाक हादसा पक्षियों के टकराने से हुआ है। विमान अकताऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करने वाला था, तभी पक्षियों का एक झुंड प्लेन के इंजन से टकराया और ऑक्सीजन का सिलेंडर फट गया।

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

हादसे से ठीक पहले कुछ यात्री बेहोश हो गए थे। विमान ने पक्षियों के झुंड से टकराने और स्टीयरिंग की खराबी के कारण हादसे से पहले संकट का सिग्नल दिया था। पायलट आखिर तक विमान की स्पीड और ऊंचाई हासिल करने की कोशिश करते रहे, लेकिन विमान पूरी तरह से अपना कंट्रोल खो बैठा। घटना के एक वीडियो में देखा गया कि प्लेन बार-बार ऊपर उठने की कोशिश करता है और वह तेजी से ऊपर की तरफ जाता है, लेकिन रुकने लगता है। आखिर में पायलट ने ऊंचाई पर जाकर प्लेन को कंट्रोल करने की कोशिश की और फिर यह एयरपोर्ट के पास चक्कर लगाने लगता है, लेकिन ▶▶| शेष पेज 4 पर



- कोहरे के चलते डायवर्ट किया फिर पक्षी से टकरा गया
- 67 सवारों में 25 की बची जान, दो पायलट समेत क्रू मेंबर की मौत

### ढाई घंटे तक हवा में रहा विमान

अजरबैजान एयरलाइंस के विमान एम्ब्रेयर ई-190एआर ने बाकू एयरपोर्ट से स्थानीय समयानुसार 6.28 बजे उड़ान भरी थी। 57 मिनट की उड़ान के बाद इसे चेचन्या के ग्रोन्जी एयरपोर्ट पर लैंड करना था।



### विमान का हवा में बिगड़ा नियंत्रण

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान हवा में ही कभी ऊपर, और कभी नीचे जा रहा है। जैसे कि मछलियां पानी में गोते लगाती हैं। विमान ट्रैकिंग साइट्स ने विमान के उड़ान का एक मैप भी जारी किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि किस तरह यह हवा में अपना नियंत्रण खो रहा था।

### जीपीएस जैमिंग और स्पूफिंग की आशंका

विमान के हवा में जिग-जैग करने की घटना पर एविएशन डिपार्टमेंट यह मान रहा है कि पायलट ने विमान की लैंडिंग की कोशिश की होगी, लेकिन कोशिशें विफल रहीं। जीपीएस जाम किए जाने की बात भी सामने आ रही है। फ्लाइट रडार24 की मानें तो विमान ने ग्रोज्नी के पास जीपीएस जैमिंग और स्पूफिंग का सामना किया है।

### इन देशों के यात्री थे सवार

बताया जा रहा है कि विमान में 67 यात्री सवार थे, जिसमें 42 यात्री की मौत हो गई, और 25 यात्री बच गए। जान गंवाने वाले यात्रियों में 37 अजरबैजानी नागरिक, 16 रूसी नागरिक, 6 कजाख नागरिक और 3 किर्गिज नागरिक शामिल थे।

अटल सुशासन समारोह में सीएम

# छत्तीसगढ़ को संवारने के लिए हम सभी दृढ़संकल्पित : साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हितग्राही को सौंपी पीएम आवास की चाबी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर कुनकुरी के सलियाटोली में आयोजित अटल सुशासन समारोह में शामिल हुए। श्री साय ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के निर्माता, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की शताब्दी जयंती वर्ष है। हम यह वर्ष अटल निर्माण ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कुनकुरी- जशपुर को दी सौगात

मुख्यमंत्री ने कुनकुरी और जशपुर में ऑडिटोरियम निर्माण, कुनकुरी नगर के विकास के लिए 5 करोड़ रुपए, कुनकुरी इंडोर स्टेडियम के लिए 20 लाख रुपए की सौगात दी। नारायणपुर ओघेश्वर आश्रम में दो प्रवेश द्वार निर्माण की घोषणा की।

# अब एक क्लिक पर राष्ट्रीय पर्व की डिटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- रक्षा सचिव ने सुशासन दिवस पर किया 'राष्ट्रपर्व वेबसाइट' और 'मोबाइल एप' का शुभारंभ

देशभर में आम लोगों तक अब गणतंत्र दिवस, बीटिंग द रिट्रीट और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों की जानकारी इंटरनेट पर एक छोटी सी क्लिक पर उपलब्ध हो जाएगी। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को रक्षा मंत्रालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती यानी सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में इसे लेकर एक पूर्ण समर्पित वेबसाइट और मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। मंत्रालय ने वेबसाइट को https://rashtraparv.mod.gov.in नाम दिया है। जबकि मोबाइल एप को सरकारी ऐप स्टोर (एम-सेवा) से डाउनलोड करने की बात कही है।




### कार और बस की टक्कर में 5 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के करौली जिले में मंगलवार रात एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा एक कार और बस की आमने-सामने की टक्कर के कारण हुआ। मृतकों की पहचान नयन देशमुख (60), उनकी बहन प्रीति भट्ट (60), उनके बेटे खुश देशमुख (22), बेटी मनस्वी (25) और एक अन्य रिश्तेदार अनीता (55) के रूप में हुई है।

### हिमाचल में हिमपात से 226 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेशमें बर्फबारी के बाद तीन राष्ट्रीय राजमार्गों समेत कुल 226 सड़कें बंद कर दी गई हैं। पिछले 24 घंटों में 10 सेमी हिमपात हुआ। इसके बाद खदराला में पांच सेमी, पूह में दो सेमी, सांगला में 1.2 सेमी और केलांग में एक सेमी बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश में लाहौल और स्पीति जिले का ताबो सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां रात का तापमान शून्य से 10.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

### बेथलेहम में दूसरे साल भी नहीं मना क्रिसमस

**येरूसेलम।** दुनियाभर में क्रिसमस को लेकर उत्साह का माहौल है। चर्च सजी हुई हैं, बाजारों में रौनक है। वहीं, वेस्ट बैंक में जंग की वजह से ईसा मसीह के जन्मस्थान बेथलेहम में माहौल गमगीन है। उनके जन्मस्थल पर बने चर्च ऑफ द नेटिविटी में लगातार दूसरे साल सजावट तक नहीं की गई है। वहीं, क्रिसमस पर रूस ने पूरे यूक्रेन पर हमले किए हैं। जंग की वजह से यूक्रेनी सैनिक बंकरों में क्रिसमस मनाते दिखाई दिए हैं।



## चिंतन

# समाज व अर्थव्यवस्था को बदल रहे युवा नवप्रवर्तक

भारत इनोवेशन (नवप्रवर्तन) के क्षेत्र में नित प्रगति कर रहा है। नए वेंचर आ रहे हैं, नई तकनीक अपनाई जा रही है, रोजगार के नए क्षेत्र उभर रहे हैं, युवा उद्यमी नई नौकरियां सृजित कर रहे हैं। यदि कहें कि नए-नए इनोवेशन और स्टार्टअप्स भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था व आर्थिक संस्कृति को बदल रहे हैं, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 15 युवा नवप्रवर्तकों से मिलकर उनका हौसलाअफजाई किया, इस दौरान खास बात देखने को मिली कि ये युवा नवप्रवर्तक 20 वर्ष से कम उम्र के हैं और सामुदायिक समाधान पर जोर दे रहे हैं। इनके बिजनेस मॉडल स्थापित कारोबार की लीक से हटकर हैं, ये रिस्क ले रहे हैं, ये समाज की जरूरत के लिए समाधान पेश कर रहे हैं। ये बदल रहे भारत के कर्ता बन रहे हैं। राष्ट्रपति के सामने जब युवा नवप्रवर्तकों ने ओडिशा, सिक्किम, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों में चल रही अपनी अभिनव परियोजनाओं का प्रदर्शन किया, तो इसमें कई चीजें चौंकाने वाली हैं। ये सब छोटे शहरों व ग्रामीण क्षेत्र में हैं, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दे रहे हैं, नए सॉफ्टवेयर से ग्रामीण भारत में दृष्टिबाधित बच्चों को शिक्षा में मदद कर रहे हैं, आंखों के हाव-भाव को वाणी में परिवर्तित करने वाली तकनीक से मूक बधिर की सहायता कर रहे हैं, वन समुदायों को सौर ऊर्जा की तरफ बदल रहे हैं। यह सब ऐसी बातें हैं, जिनसे सोशल बिजनेस के साथ समाज में लोगों के जीवन सरल बनेंगे। आज के युवा नवप्रवर्तक कौशल और डिग्री के साथ सामुदायिक विकास की शक्ति के महत्व को भी समझते हैं। उनमें नेतृत्व की क्षमता विकसित हो रही है। ये युवा नवप्रवर्तक उद्यमी स्किल इंडिया, स्मार्ट इंडिया, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप्स इंडिया के लक्ष्य को एक साथ पूरा कर रहे हैं। केंद्र सरकार वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और स्टार्टअप्स को बढ़ावा दे रही है, स्टार्टअप्स के लिए नीतियां बनाई हैं, मुद्रा, विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि योजनाओं से स्वरोजगार को बढ़ावा दे रही है। नए-नए स्टार्टअप्स स्थानीय और वैश्विक समस्याओं को हल करने के लिए आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई), ब्लॉकचेन, और आईओटी जैसी उभरती तकनीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्टार्टअप्स ने किफ़ायती इंटरनेट की उपलब्धता और युवा कार्यबल के साथ मिलकर फ़िनटेक, एडटेक, हेल्थ-टेक, और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में विकास किया है। भारत जिस तेजी से डिजिटल हो रहा है, उतनी ही तेजी से भारतीय अर्थव्यवस्था पारदर्शी हो रही है, साथ ही भारतीय आर्थिकी भी बदल रही है। स्टार्टअप व नवाचार पारितंत्र के मामले में भारत संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। भारत नए शोध व अनुसंधान पर विशेष ध्यान दे रहा है। प्रतिवर्ष करीब 17 फीसदी के हिसाब से नए स्टार्टअप्स बढ़ रहे हैं। स्टार्टअप्स व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम, राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार, एससीओ स्टार्टअप फोरम, प्रारंभ, नवाचारों के विकास और दोहन के लिए राष्ट्रीय पहल (निधि), स्टार्टअप पारितंत्र के समर्थन स्तर पर राज्यों की रैंकिंग आदि पर फोकस कर रहा है। नवाचार में असुरक्षा का भाव, नौकरी की सामाजिक मानसिकता, इंटरनेट इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी, बैंकों के लोन देने के पुराने तरीके, नीतिगत बाजार समर्थन आदि कुछेक चुनौतियां भी हैं, जिन पर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। स्कूल-उद्यमिता गलियारा, स्किल एजुकेशन, उद्यमशीलता का पोषण व सम्मान, तकनीक सुलभता आदि उपायों से नवाचार को बढ़ावा दिया जा सकता है।



दो टूक
अवधेश कुमार

# संभल में बंद मंदिर मिलने के मायने

> लोगों के अंदर स्वाभाविक गुस्सा है कि किसी मोहल्ले में एक समुदाय की जनसंख्या बढ़ने के बाद ऐसी स्थिति पैदा हो गई कि पूजा करना तक संभव नहीं रहा। संयोग कहिए कि संभल में हिंसा के बाद प्रशासन वहां कई स्तरों पर काम कर रहा है जिनमें बिजली चोरी पकड़ना, अवैध अतिक्रमण समाप्त करना तथा धर्मस्थलों के लाउडस्पीकरों की ध्वनि को निर्धारित सीमा में किए जाने के नियम का कठोरता से पालन कराना शामिल है। संभल के खग्गू सराय मोहल्ले में 46 वर्ष से बंद मंदिर मिला। दूसरा मंदिर वहां से करीब साढ़े तीन किलोमीटर दूर सरायतरीन क्षेत्र के कायस्थान मोहल्ले में मिला। पहला 1978 के दंगे के बाद तो दूसरा 1992 के बाद बंद हो गया था।

संभल में 46 वर्षों से बंद मंदिर खुलने के बाद वहीं एक दूसरे मोहल्ले में भी बंद मंदिर मिलने से वाकई देश में सनसनी पैदा हुई है। लोगों के अंदर स्वाभाविक गुस्सा है कि किसी मोहल्ले में एक समुदाय की जनसंख्या बढ़ने के बाद ऐसी स्थिति पैदा हो गई कि पूजा करना तक संभव नहीं रहा। संयोग कहिए कि संभल में हिंसा के बाद प्रशासन वहां कई स्तरों पर काम कर रहा है जिनमें बिजली चोरी पकड़ना, अवैध अतिक्रमण समाप्त करना तथा धर्मस्थलों के लाउडस्पीकरों की ध्वनि को निर्धारित सीमा में किए जाने के नियम का कठोरता से पालन कराना शामिल है। संभल के खग्गू सराय मोहल्ले में इसी अभियान में 46 वर्ष से बंद मंदिर मिला।

दूसरा मंदिर वहां से लगभग साढ़े तीन किलोमीटर दूर सरायतरीन क्षेत्र के कायस्थान मोहल्ले में मिला। पहला 1978 के दंगे के बाद तो दूसरा 1992 के बाद बंद हो गया था। खग्गू सराय मंदिर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर से 200 मीटर और जिस शाही मस्जिद के सर्वे पर इतना बड़ा विवाद हुआ उससे 500 मीटर दूर है। जब मंदिर के दरवाजों पर पड़े ताले खुलवाए गए तो अंदर हनुमान जी की मूर्ति और शिवलिंग मिला। स्वाभाविक ही इस सूचना के साथ पूरे शहर में हलचल मच गई, लोग आने लगे और कई वरिष्ठ जनों ने बताना शुरू किया कि यहां क्या-क्या हो सकता है। किसी ने बताया कि सामने दिखते रैंप के नीचे अमृतकूप था। जब जेसीबी से खुदाई की गई तो वाकई उसके नीचे कुआं मिला। इसकी खुदाई में भी कुछ मूर्तियां मिली है जिनमें गणेश जी और पार्वती जी की खंडित मूर्तियां हैं। क्यों? इससे कल्पना की जा सकती है कि बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों में क्या हुआ होगा। अगर भारत के उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के शहर में ऐसी स्थिति बनी तो उसके कारण क्या हो सकते हैं? प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार नहीं होती तो न पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने का साहस करता और न कब्जा करके धीरे-धीरे अस्तित्व मिटा देने की अवस्था में पहुंचे मंदिर का खुलना संभव होता। जानकारी अनुसार 29 मार्च, 1978 को संभल में सांप्रदायिक हिंसा हुई थी। उसके बाद मोहल्ले के सारे हिंदू पलायन कर गए। यही कायस्थान में हुआ जब हिंसा के बाद हिंदुओं के करीब 100 परिवारों को वहां से पलायन करने को विवश होना पड़ा। 1978 के दंगों पर काम करने वाले, भुगतने वाले, आंखों देखने वाले बता रहे हैं कि उस दौरान खग्गू सरय मोहल्ले में अनेक हिंदू घरों में आग लगा दी गई थी और लोग ऐसे बेसहारा हो गए कि उनके पास वहां से भगाने के अलावा कोई चारा नहीं रहा। जानकारी मिली है कि वहां डिग्री कॉलेज में सदस्यता न मिलने पर मंजर अली नाम के प्रभावी व्यक्ति ने हिंसा का षड्यंत्र किया था। दुकानें जबरदस्ती बंद कराई गई, मारपीट, पथराव, लूटपाट हुआ, गोलियां चलीं। यह ज्यादातर जगह एकपक्षीय था जिसमें काफी हिंदुओं की मृत्यु की बात बताई गई है। विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि उसमें 184 हिंदू मारे गए थे जिनमें अनेक को जिंदा जलाया गया था। दो माह तक जिले के अलग-अलग क्षेत्र में कर्फ्यू लगा रहा। पता चल रहा है कि उसमें कुल 171 पंजीकृत मुकदमे हुए जिनमें तीन पुलिस की ओर से लिखे गए थे। उनका परिणाम क्या हुआ अभी पता नहीं। संभल में सांप्रदायिक हिंसा का पुराना इतिहास है



और अभी तक रिकॉर्ड के अनुसार 16 बार शहर में सांप्रदायिक दंगे हुए। अगर मिले वर्तमान मंदिरों और विवादास्पद जामा मस्जिद की कहानी को ही ध्यान में रखें तो अनुमान लगाना कठिन नहीं होगा कि सारी हिंसा के पीछे कौन लोग हो सकते हैं तथा किन्हें इसका खामियाजा ज्यादा भुगतना पड़ा होगा। आज खग्गू सराय मोहल्ले में किसी हिंदू का मतदाता सूची में नाम तक नहीं है। अनेक मुस्लिम नेताओं और बुद्धिजीवियों का वक्तव्य है कि मंदिर बंद था तो उसे खोलना ही चाहिए लेकिन लोग वहां से क्यों चले गए? आज तक योगी सरकार ने ऐसा क्यों नहीं किया? यह किस तरह का क्रूर बयान है? इसकी जगह मामला किसी मस्जिद का होता तो क्या ये लोग ऐसे ही वक्तव्य देते? मंदिर संभालने वाले परिवार का बयान है कि पुजारी रखकर नियमित पूजा अर्चना की कोशिश की गई लेकिन डर इतना था कि कोई जाने का साहस नहीं जुटा सका। धीरे-धीरे मुस्लिम समुदाय ने मंदिर के स्थानों को कब्जाना शुरू कर दिया। वहां जल डालने के लिए स्थित पीपल का पेड़ भी काट दिया गया। हमारे यहां पीपल का पेड़ काटना कितना बड़ा पाप माना जाता है। अब नक्शा देखकर पुलिस प्रशासन मंदिर के अतिक्रमित स्थान को बुलडोजर से ध्वस्त कर रहा है। लोग साहस करके मंदिर पर कब्जा करने वालों का नाम भी बता रहे हैं। कितनी भयावह स्थिति रही होगी कि जानते हुए भी हिंदू समाज वहां मंदिर में पूजा करने का साहस इतने लंबे समय तक नहीं दिखा पाया। धार्मिक पुस्तकों में संभल को सनातनियों या हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण तीर्थ क्षेत्र के रूप में वर्णित किया गया है। आज वहां अनेक मंदिरों का अस्तित्व नहीं है। स्कंदपुराण, विष्णु पुराण से लेकर कई ग्रंथों के उदाहरण दिए जा रहे हैं जिसमें कलयुग में भगवान विष्णु के कल्की अवतार वहां होने का उल्लेख है। जिस हरि मंदिर की महत्ता के विवरण अंग्रेजों के सर्वे से लेकर आईने अकबरी और बाबरनामा में है उसका अस्तित्व नहीं है। इस्लामी आक्रमण के काल में बाबर से लेकर मोहम्मद बिन तुगलक आदि द्वारा हिंदू स्थलों को ध्वस्त करने के विवरण उपलब्ध हैं। स्वतंत्रता के पश्चात भी वहां धर्मस्थल कब्जाया गया तथा 21 कुओं के बंद किए जाने की बात आई है। यह स्थिति जारी है तो मानना पड़ेगा कि उस मानसिकता के लोग आज भी हैं। योगी आदित्यनाथ द्वारा पिछले दिनों संभल से बांग्लादेश तक हिंसा करने वालों के अंदर बाबर का डीएनए बताने पर हंगामा मचा है। उन्होंने आम मुसलमान के बारे में बात नहीं की। जो आज भी धर्मस्थलों पर कब्जा करना अपना मजहबी दायित्व मानते हैं और कब्जे किए गए जगह की छानबीन तक पर मरने-मारने को उतारू है उन्हें क्या माना जाए? इसका प्रमाण संभल में ही मिल रहे बिजली के अवैध कनेक्शन, मंदिरों के बंद होने और अतिक्रमणों से मिलता है। खग्गू सराय मोहल्ले में पांच मस्जिदों और इसके आसपास के लगभग ढाई सौ घरों में बरसों से सीधे कटिया लगाकर बिजली का उपयोग किया जा रहा था। ऐसा तो संभव नहीं कि उसकी जानकारी प्रशासन या बिजली विभाग को नहीं हो। बावजूद वातावरण ऐसा था कि कोई इनको पकड़ने, रोकने और प्रत्यक्ष कानूनी कार्रवाई का साहस नहीं कर पाया।

मस्जिद मजहबी स्थान है और पांच मस्जिदों में कटिया लगाकर बिजली ली जा रही थी और वहीं से करीब ढाई सौ अन्य घरों में बिजली आपूर्ति हो रही थी। कोई इसके विरुद्ध बोलने का साहस तक नहीं दिखा रहा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 1978 के दंगों के न्याय को लेकर जैसा कड़ा बयान दिया है तथा सरकार की जैसी प्रतिबद्धता दिखी है उससे उम्मीद पैदा हुई है मुकदमों की बंद फाइलें खुलेंगी, नए सिरे से न्याय होगा और केवल संभल नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में ऐसे उपासना या अन्य स्थलों का भी उद्धार होगा क्योंकि यह अकेली घटना नहीं है। जगह-जगह ऐसे मंदिरों के समाचार आने लगे हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह



# एआई से मजबूत होगा बैंकिंग तंत्र

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बौद्धिकता या एआई) का चलन बैंकिंग समेत दुनिया के सभी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। इसकी मदद से महत्वपूर्ण कारोबारी निर्णय लेने में बैंक दूसरे बहुत से क्षेत्रों से आगे हैं। बैंकों में आज अधिकांश वित्तीय और गैर वित्तीय सेवाओं को एआई की मदद से मूर्त रूप दिया जा रहा है, जिनमें खाते के लेनदेन के बारे में पूछताछ, खाते का स्टेटमेंट, पासबुक प्रिंटिंग, खाते खोलना, जमा और निकासी, ऋण पात्रता, बैलेंस शीट व गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) खातों का विश्लेषण आदि शामिल है। एआई का अर्थ है बनावटी तरीके से विकसित की गई बौद्धिक क्षमता, जिसे मशीनों को युक्त किया जाता है। इससे मशीनों को लैस करने के लिए 3 प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। पहले चरण में एआई में सूचनाएं डाली जाती हैं और उन्हें कुछ नियमों का अनुपालन करना सिखाया जाता जाता है। दूसरे चरण में एआई को यह निर्देश दिया जाता है कि वह बनाये हुए नियमों का पालन करते हुए लक्ष्य को पाने की ओर आगे बढ़े। तीसरे चरण में एआई से युक्त मशीनों को खुद से हुई गलतियों को ठीक करना सिखाया जाता है। एआई से लैस मशीन इंसानों की तरह सबसे पहले किसी समस्या को समझते हैं, फिर निर्णय लेते हैं कि क्या करना उचित होगा और अंत में समस्या का समाधान करते हैं। ग्राहक सेवा को बेहतर करने के लिए एआई की मदद से चैटबोट किया जा सकता है। बैंकों की योजना है कि एआई आधारित चैट बोट्स का इस्तेमाल किया जाये, ताकि ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुकूल ज्यादा असरदार और प्रभावी तरीके से सेवाएं मुहैया करायी जा सके। एआई आधारित चैटबोट्स के जरिये बैंक अपने ग्राहकों की समस्याओं और शिकायतों को ज्यादा तेजी से निबटाने में सक्षम हो सकते हैं। बैंकिंग प्रणाली के दायरे में जब किसी तरह की धोखाधड़ी होती है तो उसका पता लगाना आसान नहीं होता है। चालाक अपराधी कोई सबूत नहीं छोड़ता है, लेकिन एआई से लैस मशीन फर्जीवाड़े को आसानी से पकड़ सकता है। साथ में, इसकी मदद से यह भी जाना जा सकता है कि धोखाधड़ी की गतिविधियों को अंजाम देने की प्रक्रिया कहां से और कैसे शुरू हुई थी। एआई के जरिये व्यापक स्तर पर आंकड़ों का विश्लेषण किया जा सकता है, लिहाजा, इसकी मदद से ग्राहकों के हित में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की रणनीति बनाई जा सकती है। इससे बैंक के लिए आकर्षक एवं लाभकारी जमा व ऋण उत्पाद विकसित किए जा सकते हैं। वर्तमान में हमारे देश में लगभग 114 करोड़ से अधिक लोग स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्मार्टफोन की संख्या बढ़ने से बैंकिंग क्षेत्र में एआई के इस्तेमाल में भी बढ़ोतरी हो रही है, क्योंकि मौजूदा स्मार्टफोन एआई फीचर से लैस होते हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए एआई-पावर चैट सहायक शुरू किया था, जिसे एसबीआई इंटेलिजेंस असिस्टेंट या एसआईए भी कहा जाता है। यह ग्राहकों को मदद मुहैया कराने, धोखाधड़ी को रोकने व पता लगाने, आंकड़ों का विश्लेषण करने, ऋण प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने आदि में मदद करता है। एसआईए से ग्राहक सेवा में बेहतरी आ रही है। बैंकों के परिचालन व्यय में कमी आ रही है। बैंकों में कई कार्यों के निष्पादन हेतु रोबोट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है, जो बैंक में आए ग्राहकों का स्वागत करने, उन्हें सही काउंटर तक पहुंचाने, ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड व होम लोन जैसी जानकारियां देने आदि जैसे काम कर सकता है। एआई से युक्त मशीनें वित्तीय दुनिया में तेजी से अपना पैर पसार रही हैं। पारंपारिक रूप से, वित्तीय दुनिया में विशेषज्ञों की खास जगह रही है। फिलवक्त, कई एआई आधारित फंड्स और स्मार्ट बीटा फंड्स बाजार में हैं, जो निवेश में इंसान की भूमिका खत्म कर रहे हैं। चूंकि, पब्लिक फंड्स संवेदनशील मसला है। इसलिए, इसमें एआई की हिस्सेदारी ज्यादा नहीं है। एआई से युक्त मशीनें वित्तीय संस्थानों को कई तरह से मदद करेगी। मसलन, यह धोखाधड़ी की संभावना को कम करेगी और निवेश या कर्ज में वापसी या बेहतर प्रतिफल की संभावना को बढ़ा देगा। आमतौर पर इंसान अपने विचारों और मतों के पूर्वाग्रहों में जीता है, जिससे गलतियां होने या किसी का पक्ष लेने की संभावना होती है। मशीन आधारित कारोबार का लक्ष्य नियमित रूप से बेहतर रिटर्न देना है। वित्तीय क्षेत्र में बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थान,स्टार्ट-अप्स आदि इसमें रुचि ले रहे हैं। कहा जा सकता है कि बैंकिंग क्षेत्र में एआई के इस्तेमाल में आने वाले दिनों में और भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही साथ बैंकों में ग्राहक सेवा और उसके दूसरे कार्यकलापों में बेहतरी आएगी।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अपने आपको जानना ही असली दौलत



संकलित
दर्शन

हर एक इंसान यही चाहता है कि उसकी जिंदगी सुख-चैन से भरी हो। बहुत से लोग यही सोचते हैं कि अगर हमारे पास धन-दौलत होगी, तो हमारे सारे दुख-दर्द दूर हो जाएंगे। संत रविदासजी महाराज जूते बनाने का काम करते थे। वे संतों- महात्माओं से बड़े आदर भाव से मिलते थे और उनकी बड़ी सेवा किया करते थे। एक बार इन्होंने एक संतजी की बड़ी सेवा की। संतजी उनसे बहुत खुश हुए। जब वे जाने लगे, तो उन्होंने इनसे कहा कि मैं तुम्हें एक पारस पत्थर दे कर जाना चाहता हूं। इससे तुम लोहा छुओगे तो वह सोना बन जाएगा। उन्होंने पारस पत्थर लिया और जिस लोहे के सुए से रविदासजी जूते गांठते थे, उसे छू दिया, वह तुरंत सोने का बन गया। रविदासजी महाराज ने कहा कि अब मैं जूते किससे बनाऊंगा? संतजी ने कहा कि तुम्हें जूते बनाने की क्या जरूरत है? जब भी तुम्हें पैसे चाहिए हों, इसे किसी भी लोहे पर छुआ देना, वह सोना बन जाएगा। उन्होंने उसे लेने से इंकार कर दिया, लेकिन संतजी ने बड़ा जोर डाला और उन्होंने वह पत्थर उनकी झोपड़ी के छप्पर पर रख दिया और कहा कि आप इससे मंदिर बनवाओ या जो चाहे करो। मैं आपसे बहुत खुश हूं, इसलिए मैं यह आपको देकर जा रहा हूं। एक साल गुजर गया और साल बाद संतजी फिर उस रास्ते से गुजरे और इनकी कुटिया तक पहुंचे। इन्होंने बड़े आदर भाव से उनकी सेवा की। संतजी ने कहा, तुम अभी तक इस कुटिया में ही बैठे हो? मैं तो तुम्हें पारस पत्थर देकर गया था। मैंने सोचा कि अब तो यहां बहुत बड़ा मंदिर होगा और यहां पर बहुत सारे लोग आते-जाते होंगे।

## अमृत खेती का अनूठा रहस्य



संकलित
प्रेरणा

भगवान बुद्ध एक बार भिक्षाटन करते हुए एक किसान के द्वार पहुंचे। भिक्षुक को अपने द्वार पर आया देख किसान ने उपेक्षापूर्वक कहा, 'श्रमण, मैं तो स्वयं हल जोतता हूं और इसके बाद अपना पेट भरता हूं। आपको भी हल जोतना चाहिए और बीज बोना चाहिए, इसके बाद मेहनत कर खाना खाना चाहिए।'किसान की बात सुनकर बुद्ध ने मुस्कुराते हुए कहा, हे अन्नदाता, मैं भी खेती ही करता हूं। बुद्ध की बात पर किसान को जिज्ञासा हुई और उसने कहा, 'तुम्हारे पास न ही मैं हल देख रहा हूं, न ही बैल और न ही खेती के लिए जमीन। तो तुम कैसे कह रहे हो कि तुम भी खेती करके ही खाना खाते हो। तुम अपनी खेती के संबंध में मुझे जरा समझाओ।' बुद्ध ने किसान से कहा, मेरे पास श्रद्धा भक्ति, आस्था, आदर, सम्मान और स्नेह भाव का बीज है। चित्त की शुद्धि, धर्म लाभ के लिए किया जाने वाला व्रत और नियम, इंद्रिय निग्रह तप, योगसाधना, समाधि, ब्रह्मचर्य, तपस्या रूपी वर्षा और जीव-मात्र रूपी जोत और हल है। मैं वचन और कर्म में संयत रहता हूं। अपनी इस खेती को अनावश्यक के नकारात्मक विचारों की घास से मुक्त रखता हूं और आनंद की फसल काट लेने तक पूरी तरह से प्रयत्नशील रहता हूं। इस तरह से मैं भी तुम्हारी ही तरह किसान हूं और अमृत की खेती करता हूं।

## क्रिसमस...



नई दिल्ली। दुनियाभर के शहरों में कहीं हर्षोल्लास तो कहीं गम के माहौल में क्रिसमस मनाया गया। अमृतसर क्राइस्ट चर्च कैथेड्रल में प्रार्थना करते हुए लोग।

## आज की पाती

### सड़क पर कब्जा

संतोषी नगर की सड़क के दोनों ओर दुकानें कई फीट बाहर आ गई हैं। ऐसे में पुराना धमतरी रोड की सड़क में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर निगम का अमला कभी-कभी कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी कर लेता है। कुछ दिनों बाद समस्याएं फिर खड़ी हो जाती है। जब भी कोई बड़ा हादसा होता है, तब सरकार जागती है। आए दिन जाम लगने का कारण भी यही है। संतोषीनगर से रिंग रोड को पार करना मुश्किल होता जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस नियंत्रण में जरूर लगी रहती है, लेकिन मूल समस्या सड़कों तक दुकानों का फैलना है। – *शाहीन बेगम, रायपुर*

## ट्रेंड

### सहकारिता को बढ़ावा



मोदी सरकार सहकारिता को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थतंत्र को नई शक्ति प्रदान कर रही है। नई दिल्ली में 10,000 नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का शुभांरभ किया है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### शहीदों को श्रद्धांजलि



जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आर्मी वैन के एक्सीडेंट होने से कई जवानों के शहादत की ख़बर बेहद दुखद है। शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं। शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### छोटी-छोटी खुशियां



त्यौहार, चाहे कहीं भी मनाये जाएं, हमारे दिलों को खुशियों से भर देते हैं और चेहरों पर मुस्कान लाते हैं। जीवन की छोटी-छोटी खुशियाँ हमें सबसे बड़ी मुस्कान देती हैं। आइए उन पलों को खोजें और संजोएं।
- अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### अच्छी कहानियां दिल से



'कहानी मेरे दिल को छूती है' न कि 'मेरे दिमाग को छूती है' सबसे अच्छी कहानियाँ आपके दिल से आती हैं, दिमाग से नहीं। जान लें कि आपका हृदय ही आपका रचनात्मक स्रोत है।
-शेखर कपूर, अभिनेता

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# परमाणु ऊर्जा संयंत्र मामले में हसीना के खिलाफ जांच



ढाका बांग्लादेश में एक भ्रष्टाचार रोधी समिति ने रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन के आरोपों के संबंध में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ जांच शुरू की है। इस संबंध में मीडिया में रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। भारतीय कंपनियां बांग्लादेश में रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण में शामिल हैं। इसका निर्माण रूस की सरकारी कंपनी रोसातम कर रही है। रूस द्वारा डिजाइन किया गया पहला बांग्लादेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र, रूपपुर बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 160 किलोमीटर पश्चिम में बनाया जा रहा है। हसीना के साथ उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और उनकी भांजी एवं ब्रिटेन की वित्त मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक से भी पूछताछ की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन का आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटनाक्रम उच्च न्यायालय द्वारा एक नियम जारी करने के दो दिन बाद हुआ है, जिसमें पूछा गया था कि रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना से हसीना, जॉय और ट्यूलिप द्वारा मलेशियाई बैंक को पांच अरब अमेरिकी डॉलर के कथित हस्तांतरण पर भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) की निष्क्रियता को अवैध क्यों न घोषित किया जाए।

## ऑफ बीट

# भारत को मैला ढोने की प्रथा से मुक्त करने पर ध्यान



सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय 2024 में किए गए अपने जमीनी कार्यों के आधार पर अगले साल देशभर में मैला ढोने की प्रथा से मुक्त होने और दिव्यांगों के लिए सुविधाएं सुगम बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। यूं तो मंत्रालय बार-बार कहता है कि देश में अब मैला ढोने की कुप्रथा नहीं बची है, लेकिन देश के केवल 257 जिलों ने केंद्र सरकार के पोर्टल पर अपने मैला ढोने से मुक्ति के प्रमाणपत्र डाले हैं। मंत्रालय ने बाकी जिलों से भी अपनी स्थिति से जल्द अगवत कराने को कहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 'नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम' (नमस्ते) योजना के तहत 54,574 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों के प्रोफाइल बनाए गए हैं, जिनमें से 37,060 (67 प्रतिशत) अनुसूचित जाति वर्ग से हैं। मंत्रालय का लक्ष्य अगले साल उनके पुनर्वास को प्राथमिकता देना है। अधिकारी के मुताबिक 2025 में 'नमस्ते' योजना का और विस्तार किया जाएगा तथा देशभर में कचरा बीनने वाले ढाई लाख लोगों के प्रोफाइल बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में कचरा बीनने वालों को व्यावसायिक सुरक्षा का प्रशिक्षण, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा और कचरा इकट्ठा करने के वाहनों समेत आवश्यक उपकरण खरीदने के लिए आर्थिक मदद मिलेगी।


MARUTI SUZUKI
NEXA
STEP INTO THE SEASON OF PURE OPULENCE.
Celebrate Christmas and New Year with the luxury of the Invicto.
CREATE. INSPIRE.
GRAB IT BEFORE PRICE RISE OF UP TO 4%
INVICTO
2025
BUY A NEXA CAR & STAND A CHANCE TO WIN 2 TICKETS TO
Ed Sheeran
+–=÷x
2025 INDIA TOUR
INVICTO
THE LEAGUE OF EXTRAORDINARY
PANORAMIC SUNROOF WITH AMBIENT LIGHTS
2ND ROW CAPTAIN SEATS
POWERED DRIVER SEAT WITH MEMORY FUNCTION
MULTI-ZONE CLIMATE CONTROL (FRONT AND REAR)
ONE-TOUCH POWERED TAIL GATE
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
INTELLIGENT ELECTRIC HYBRID
SHOWSTOPPER DEALS
ONLY 06 DAYS LEFT
BENEFITS UP TO ₹ 1 00 000** +
MARUTI SUZUKI SMART FINANCE OFFERS
ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
FOR MORE DETAILS CONTACT MR. SHREY SHIKHAR PH: 91 81308 49972
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Creative visualization. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to the owner's manual. **All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased and shall be applicable till stocks last. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. *3 years or 100 000km whichever is earliest. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. Maruti Suzuki Smart Finance offer is applicable only on the Alpha variant.

26122024-Cit-04_Layout 1 12/26/2024 12:42 AM Page 1



## जैकेट के शेष

### नए-पुराने टेंडर में...

खरीदी के लिए नए टेंडर जारी नहीं करने के साथ पुराने टेंडरों को ओपन करने के बजाए पेंडिंग रखा जाना है। हरिभूमि ने सीजीएमएससी की वेबसाइट पर दो दिन पहले के रेट कांट्रेक्ट और टोटल अवेलेबल स्टॉक की रिपोर्ट का मिलान किया, तो उसमें शून्य स्टॉक वाली जरूरी दवाओं की सूची काफी लंबी थी। इनमें ऐसी एंटीबायोटिक, गैसट्रिक, एंटी वायरल जैसी दवाएं भी शामिल हैं, जिनका सरकारी अस्पतालों में लगभग हर दूसरे मरीजों को जरूरत पड़ती है। दवा कार्पोरेशन से जुड़े सूत्रों के अनुसार स्टॉक में टोटा होने की मुख्य वजह काफी समय से इन दवाओं की खरीदी नहीं होना है। करीब अस्सी तरह की दवाओं का आरसी दिसंबर में एक्सपायर हो चुका है और आने वाले समय में अन्य कई दवाओं की निर्धारित दर पर खरीदी का करार भी समाप्त हो जाएगा। सूत्रों का कहना है कि अगर शीघ्र खरीदी प्रक्रिया पूरी कर इन दवाओं को पुनः स्टोर नहीं किया गया, तो इसका सीधा असर अस्पतालों के दवा वितरण पर पड़ेगा। दूरदराज से इलाज के लिए आने वाले मरीजों को जरूरी दवाएं भी खरीदनी पड़ेंगी।

### सिपाही की मौत और...

जिसके बाद राजनांदगांव पुलिस विभाग द्वारा इस मामले में एफआईआर कराई गई थी और जांच के दौरान ही चार पुलिसकर्मी और दो डेटा एंट्री कर्मचारी व एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार कर न्यायिक निर्माण पर जेल भेजा था।
**चार हजार से अधिक अभ्यर्थियों के लिए गड़बड़ी :** पुलिस आरक्षक भर्ती की प्रक्रिया में लगभग 4 हजार अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा के अंको की इंट्री में गड़बड़ी सामने आ चुकी है। ऐसे में अब सरकार ने हरिभूमि की खबर के बाद इस गड़बड़ी को गंभीरता से लिया है और युवाओं के हित में इस भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। वैसे, इस मामले ने राज्य के अन्य जिलों में चल रही भर्ती प्रक्रिया में फिजिकल टेस्ट के डेटा अपलोड करने की प्रक्रिया और इसकी पारदर्शिता पर भी सवालिया निशान लगा दिए हैं, लेकिन दावा किया जा रहा है कि बाकी जिलों में ऐसी किसी तरह की शिकायत नहीं मिली है।

### आरक्षक ने की...

ली थी और भर्ती में कर्मचारियों को फंसाये जाने और अधिकारियों को बचाए जाने का आरोप लगाया था, जिस पर पुलिस ने इसे गंभीरता से अपनी जांच में लिया है।

### भ्रष्टाचार बर्दाश्त...

है। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए विशेष जांच टीम एसआईटी का गठन के निर्देश देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि इस सुशासन की सरकार में किसी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पेज एक के शेष

### पक्षी से टकराकर दो हिस्सों में...

आखिर में क्रैश हो गया। इस विमान हादसे से दुनियाभर में शोक का माहौल है। अजरबैजान एयरलाइंस का विमान एम्ब्रेयर ई-190 एआर विमान में रूस, अजरबैजान, कजाकिस्तान और किर्गिस्तान के 62 यात्री और पांच क्रू मेंबर सवार थे। अजरबैजान एयरलाइंस ने बताया कि विमान अकताऊ एयरपोर्ट से तीन किलोमीटर पहले इमरजेंसी लैंडिंग कर रहा था। विमान रूस जा रहा था, लेकिन घने कोहरे के कारण उसने अपना रूट बदल दिया। अकताऊ एयरपोर्ट से तीन किलोमीटर पहले ही इमरजेंसी लैंडिंग के लिए आग्रह किया। इस दौरान पर वह आसमान में चक्कर लगाने लगा, लेकिन सुबह 6:28 बजे कैस्पियल सी शोर के पास क्रैश हो गया। विमान क्रैश होने से पहले के कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें देखा जा सकता है दुर्घटना से पहले क्या हुआ। एक वीडियो में देखा गया कि प्लेन आसमान में लहरा रहा है वह स्पीड से नीचे की तरफ आता है और कुछ ही सेकेंड में जमीन से टकराता है। इसके बाद आग लग जाती है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि विमान को जीपीएस जैमिंग की समस्या का सामना करना पड़ा। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव सेंट पीटर्सबर्ग की यात्रा पर थे और वह दुर्घटना की खबर सुनकर अजरबैजान लौट आये। अलीयेव ने सोशल मीडिया पर एक बयान में पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। रूसी राष्ट्रपति भवन 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने संवाददाताओं को बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अलीयेव से फोन पर बात की और अपनी संवेदना व्यक्त की। कजाखस्तान और अजरबैजान दोनों के अधिकारी इस दुर्घटना की जांच कर रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ को संवारने के लिए...

वर्ष के रूप में मना रहे हैं। अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य में विकास की जिस तरह परिकल्पना की थी, उसके अनुरूप हम छत्तीसगढ़ को संवारने में जुटे हुए हैं। श्री साय ने कहा कि अटल जी की जयंती हम सब सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं। आज छत्तीसगढ़ अपनी रजत जयंती मना रहा है और भारत के नक्शे में 26वें राज्य के रूप में उभरा है तो इसके पीछे अटल जी की दूरदर्शी सोच थी। छत्तीसगढ़ की जनता से किया गया वायदा न केवल अटल जी ने निभाया अपितु नए राज्य को संवारने के लिए हर संभव मदद भी की। उन्होंने जो सुशासन के आदर्श हमारे समक्ष रखे हैं उन पर चलते हुए हमने प्रशासन के हर स्तर पर डिजिटल गवर्नेंस को अपनाया है। सुशासन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हमने सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया है। अटल मानिटरिंग एप, सिंगल विंडो सिस्टम 2.0, ई-आफिस, सुगम एप, संगवारी एप जैसे नवाचारों के माध्यम से हम डिजिटल गवर्नेंस को हर स्तर पर अपना रहे हैं। इससे प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। अटल जी की चिंता किसानों के प्रति थी। छत्तीसगढ़ बनने के बाद हमने धान खरीदी का बढ़िया माडल बनाया। आज छत्तीसगढ़ के किसानों को धान का सबसे ज्यादा मूल्य मिलता है।
इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय और रायमुनी भगत, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, कृष्ण कुमार राय, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री राजेश गुप्ता, रामप्रताप सिंह, यश प्रताप सिंह जूदेव, सुनील गुप्ता, रोहित साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) और पीएम जनमन आवास योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को उनके नवनिर्मित आवास की चाबी सौंप कर बधाई दी। उन्होंने अटल सुशासन समारोह में शासन के विभिन्न विभागों की उपलब्धियों पर आधारित स्टाल्स का अवलोकन कर हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को हितग्राहीमूलक सामग्री प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मशताब्दी के पुनीत अवसर पर आयोजित अटल सुशासन समारोह में जशपुर जिले के स्पेशल लोगो, वार्षिक प्रगति पत्रक, जशप्योर कैलेंडर और जशपुर के पर्यटन स्थलों के कैलेंडर का विमोचन किया।

## असम के कोकराझार में दो आतंकवादी गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के कोकराझार जिले में एक आतंकवादी गिरोह के 'स्लीपर सेल' के दो संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। विशेष पुलिस महानिदेशक हरमीत सिंह ने बताया कि विशेष कार्य बल ने कोकराझार पुलिस के साथ मिलकर मंगलवार रात नामपारा इलाके में एक अभियान चलाया और दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया, ''एसटीएफ के महानिरीक्षक पार्थसारथी महंत के नेतृत्व में टीम ने एक वैश्विक आतंकवादी संगठन के जिहादी तत्वों द्वारा संभावित बड़े आतंकी हमले को नाकाम करने में बड़ी सफलता हासिल की।

## हैती : अस्पताल पर गोलीबारी 3 लोगों की मौत, कई घायल

एजेंसी ▶▶| पोर्ट ऑ प्रिंस

हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के सबसे बड़े सार्वजनिक अस्पताल के फिर से खुलने पर मंगलवार को एक गिरोह के हमले में दो पत्रकार समेत तीन लोग मारे गए। इन गिरोहों ने पोर्ट-ऑ-प्रिंस के अनुमानित 85 प्रतिशत हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया है, और उन्होंने इस साल की शुरुआत में जनरल अस्पताल को बंद करने के लिए मजबूर किया है। अधिकारियों ने सुविधा को फिर से खोलने का वादा किया था, लेकिन जैसे ही पत्रकार इस कार्यक्रम को कवर करने के लिए एकत्र हुए, संदिग्ध गिरोह के सदस्यों ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर एक भयानक हमले में गोलीबारी शुरू कर दी। ऑनलाइन मीडिया कलेक्टिव के प्रवक्ता रोबेस्ट डिमांचे ने मृत पत्रकारों की पहचान मार्केंज़ी नाथौक्स और जिमी जीन के रूप में की है। डिमांचे ने कहा कि हमले में अज्ञात संख्या में पत्रकार भी घायल हुए हैं, जिसके लिए उन्होंने गिरोह के गठबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। हैती के अंतरिम राष्ट्रपति लेस्ली वोल्टेयर ने राष्ट्र के नाम एक संबोधन में कहा कि हमले के पीड़ितों में पत्रकार और पुलिस भी शामिल हैं।



## सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत

**हावेरी (कर्नाटक)।** कर्नाटक में हावेरी-धारवाड़ सीमा के समीप राजमार्ग पर बुधवार को एक कार और अन्य वाहन के बीच हुई टक्कर में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना ताड़स पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत हावेरी-धारवाड़ सीमा के समीप तिम्मापुर के बेलीगट्टी गांव के पास हुई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब हुबली की ओर जा रही एक एसयूवी कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन, सड़क के 'डिवाइडर' को पार करते हुए हुबली से बेंगलुरु की ओर आ रही एक कार से टकरा गया। कार में चार लोग सवार थे, जिनमें 10 से 12 साल का एक बच्चा भी शामिल था।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों से मिली यह जानकारी

# लड़कियों में जगी उच्च शिक्षा की ललक, दस साल में 2.18 करोड़ ने किया कॉलेज का रुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था से सरकारें चुनने के चलन की वजह से राजनीतिक दलों के बीच प्रतिस्पर्धा आम बात है। चुनावी समर में दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी खूब सुनाई पड़ते हैं। लेकिन अगर मामला महिलाओं की आधी आबादी में तेजी से बढ़ते उच्च शिक्षा के रूझान का हो तो उसकी चर्चा होना लाजमी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसकी शुरुआत करते हुए बताया है कि बीते दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की केंद्र सरकार में कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और उच्च-शिक्षा के बाकी संस्थानों में महिलाओं की नामांकन दर में काफी इजाफा देखने को मिला है। आंकड़ों में यह संख्या 38.4 फीसदी के साथ 2.18 करोड़ पर जा पहुंची है। इसमें स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स) क्षेत्र में बढ़ता महिलाओं का 23 फीसदी योगदान भी शामिल है। मंत्रालय ने यह तुलना 2014 से पहले तक केंद्र की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस नीत संप्रग सरकार से की है। उनके लगभग समान अवधि के शासन में उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए नामांकन कराने वाली महिलाओं की संख्या 1.57 करोड़ थी।

### क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में भारत के 46 संस्थान

क्यूएस की प्रतिष्ठित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत के 46 उच्च शिक्षण संस्थान शामिल हुए हैं। वर्ष 2015 में इनकी संख्या मात्र 11 पर थी। लेकिन दस साल में यह बढ़कर 46 हो गई है। शिक्षा मंत्रालय इसे 10 साल में हुई 318 फीसदी की वृद्धि करार देता है। भारतीय संस्थानों में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-बी) बॉम्बे शीर्ष पर है और उसने लगातार अपनी रैंकिंग में सराहनीय रूप से सुधार किया है। क्यूएस की पिछली रैंकिंग में इसे 149 स्थान मिला था। जबकि ताजा रैंकिंग में यह 118 वें स्थान पर जा पहुंचा।

### 4.46 करोड़ पर पहुंचा कुल नामांकन

मंत्रालय की जानकारी के मुताबिक, 2014-15 से गुजरे एक दशक यानी 2022-23 तक उच्च शिक्षण संस्थानों में लड़के और लड़कियों के नामांकन का कुल आंकड़ा 30.5 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 4.46 करोड़ पर जा पहुंचा है। जबकि 2014 से पहले यह 3.42 करोड़ पर था।

### नामांकन के साथ बढ़े कॉलेज, विश्वविद्यालय

उच्च-शिक्षण संस्थानों में लड़के, लड़कियों की नामांकन दर में इजाफे के साथ कॉलेज और विश्वविद्यालयों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2014-15 तक के 51 हजार 534 के मुकाबले वर्ष 2022-23 में बढ़कर यह 58 हजार 643 पर जा पहुंची है। दस साल के दौरान हुआ यह 13.8 फीसदी का इजाफा है। इसी तरह से समान अवधि में कॉलेजों की संख्या 38 हजार 498 से बढ़कर 46 हजार 624 हो गई। जबकि विश्वविद्यालयों की संख्या 760 से बढ़कर 1 हजार 213 पर पहुंच गई। मंत्रालय इसे एक दशक में विश्वविद्यालयों की संख्या में हुई 59.6 फीसदी और कॉलेजों की संख्या में हुई 21.1 फीसदी की बढ़ोतरी मानता है।

# वाजपेयी ने समृद्ध और स्वावलंबी भारत के निर्माण हेतु अपना जीवन समर्पित किया : मोदी

**खास बात**
- वाजपेयी की 100वीं जयंती पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अनेक नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। वाजपेयी की समाधि सदैव अटल पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुष्पांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम नेताओं ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 'पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी 100वीं जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

**नए राजनीतिक युग का**

**आगाज :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट पर कहा 'पूर्व प्रधानमंत्री भाजपा के संस्थापक श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन करता हूं। अटल जी ने विचारधारा के प्रति समर्पण और मूल्य-आधारित राजनीति से देश में विकास और सुशासन के नए युग की शुरुआत की। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को कार्य संस्कृति बनाने वाले वाजपेयी जी ने देश की सुरक्षा और जनकल्याण को सदैव सर्वोपरि रखा। राजनीतिक जीवन में शुचिता और आत्मसंयम से उन्होंने भाजपा को जनप्रिय बनाया।

## दुर्घटना में जान गंवाने वाले 5 जवानों को सेनाप्रमुख ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारत और पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बीते मंगलवार को सड़क दुर्घटना का शिकार हुए एक सैन्य वाहन की घटना में जान गंवाने वाले पांच जवानों के प्रति अपनी ओर से गहन संवेदनाएं व्यक्त की हैं। सेना के सार्वजनिक सूचना निदेशालय (एडीजीपीआई) ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट में सभी मृतक जवानों का तस्वीरों और नाम सहित खुलासा करते हुए बताया कि इस हादसे में भारतीय सेना ने अपने जिन पांच शूरवीरों को खोया है। उनमें सूबेदार दयानंद तिरकन्नावर, लांस हवलदार अनूप, नायक घाडगे शुभम समाधान, सिपाही निकुरे दिगंबर और सिपाही महेश मैरीगोंड शामिल हैं।


## CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.

No.02-08/MMMTVY/2024-25/Tr No. T-2511, T-2513 to 2515/5286 Raipur Dt- 24.12.2024

**NOTICE FOR E-TENDER**


1. Online bids are invited through CSPDCL tendering system (SAP SRM) from Eligible Electrical Contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following works. Registration of electrical contractors is opened & will be allowed for this tender till one day prior to date of opening of the tender.
2. The registration of contractor will remain open. For details and further notifications keep visiting http://www.cspdcl.co.in -> project department->ebidding portal.
3. Bidders may visit the sitewww.cspdcl.co.in/project office/ contractors section to know the qualifying criteria for registration of contractors to be eligible for participating in the tender.
4. **Bid information must be submitted in the prescribed format only. No deviation shall be permitted.**

| Sr. No. | Tender No / Rfx no. | Name of work | Tender amount (excl. GST) (in Rs) | Eligible class for bidding | Time & Due date of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tr.no 2511 RFx-8100040706 | Electrification of unelectrified majratola **Bhadrimahupara of vill.-Kakalgur** under Darbha D/C of O&M Dn. CSPDCL Jagdalpur. | 51,18,055.00 | Class I,II,III & III-A | 12.00 noon 06.01.2025 |
| 2 | Tr.no 2513 RFx-8100040708 | Electrification of 04 nos. Majratola (**Kadmahua, Aampara, Sarkahua, Bakain) of vill.- Bansajhal** under Batauli D/C of O&M Dn. CSPDCL Ambikapur. | 73,14,270.00 | Class I,II,III & III-A | 12.00 noon 06.01.2025 |
| 3 | Tr.no 2514 RFx-8100040709 | Electrification of various villages Majratola under **Kansabel D/c** of O&M Dn. CSPDCL Pathalgaon. | 41,40,116.00 | Class I,II,III & III-A | 12.00 noon 06.01.2025 |
| 4 | Tr.no 2515 RFx-8100040710 | Electrification of Majratola at vill.- **Chando (Ghatadih)** under Lakhanpur D/c of O&M Dn. CSPDCL Ambikapur. | 23,22,554.00 | Class I,II,III & III-A | 12.00 noon 06.01.2025 |

संवाद "Save Electricity Save Energy"

CHIEF ENGINEER (PROJECT)
CSPDCL: RAIPUR



## राशिफल


**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।


**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।


**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।


**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।


**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।



**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।


**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।


**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।


**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।


**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

क्रमांक / 890 / लो.नि.वि./न.पा.प./2024 बलौदाबाजार, दिनांक 24/12/2024

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना - (निविदा आमंत्रण)**
Main portal- http://cgeprocurement.gov.in
Sub portal- http:// uadd.cgeprocurement. gov.in
Email- cmobalodabazar@rediffmail.com


नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा "अधोसंरचना मद/अन्य मद" अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम टेंडर के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निर्धारित समयावधि | निविदा दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 163396 | वार्ड क्रमांक 02 में पुराना एस.पी. कार्यालय से प्रतिष्ठा कॉलोनी गेट तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 28.82 | 23000.00 | 1500.00 | 06 माह | 15.01.2025 |

टीप :-उक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurment.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cgeprocurment.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार


## शब्द पहेली - 5728



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -5727 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | | आ | ग | | सा | थ | | सु | रा |
| ल | | ता | ना | | आ | स | | ख | ब | र |
| | ली | ला | | सा | या | | क | ल | ह | |
| म | न | | रा | त | | र | म | ल | | वि |
| स्ती | | फि | जा | | अ | ग | ला | | सा | दा |
| | शू | र | | की | च | ड़ | | ता | र | |
| कु | ल | | अ | म | ल | | ख | त | | मी |
| ली | | ग | ल | त | | प | ता | | जा | न |
| | दो | ज | ख | | क | ल | | ता | ल | |
| घा | य | ल | | दा | म | | उ | प्र | | मो |
| त | म | | प | ग | | कृ | ष्ण | | क | र |

## सूडोकु नवताल - 5738

✱✱✱✱✱ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGA, SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5737 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

इन दिनों खूब ठंड हो रही है। ऐसे में जरा सी लापरवाही से आप बीमार हो सकते हैं। इनसे बचाव के लिए बाहरी तौर पर खुद को गर्म रखने के साथ ही कुछ ऐसे फूड्स का भी सेवन करना चाहिए, जो आपको भीतर से गर्माहट प्रदान करें।

# सर्दियों में ये फूड्स आपको रखेंगे वार्म

**डाइट सजेशन**
शिखर चंद जैन



सर्दी में ठंड से बचाव के लिए आप गर्म कपड़े तो पहनते ही होंगे। लेकिन शरीर को भीतर से गर्म रखना भी जरूरी है। कुछ खाद्य पदार्थ आपको भीतर से गर्म रखने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाने में मदद करेंगे।

**ड्राई फ्रूट्स-सीड्सः** नट्स और सीड्स जैसे बादाम, अखरोट, काजू, पिस्ता, तिल और सूरजमुखी के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमें हेल्दी फैट और एंटीऑक्सीडेंट अधिक मात्रा में होते हैं, जो भीतर से गर्म रहने में मदद करते हैं। ये ऊर्जा के अच्छे स्रोत भी होते हैं। खुबानी, सूखे अंजीर और खजूर जैसे ड्राई फ्रूट्स भी गर्मी प्रदान करते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं।



**हर्ब्स और मसालेः** अदरक, मुलेठी, तुलसी और हल्दी जैसे हर्ब और मसाले एंटी इंफ्लेमेटरी होते हैं। आप इन्हें अपनी चाय, सब्जी, सूप में मिलाकर या गर्म पानी में डालकर ले सकते हैं। अदरक में विटामिन सी, बी6, आयरन और मैग्नीशियम जैसे जरूरी तत्व होते हैं, जो सर्दी-जुकाम और संक्रमण से बचाते हैं। मुलेठी, हल्दी, तुलसी में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।



**खजूरः** खजूर का नियमित सेवन, सर्दी के मौसम में आपके शरीर को गर्म रखने में मदद करता है। यह आयरन, प्रोटीन, कैल्शियम और कई विटामिनों का समृद्ध स्रोत होता है, जो अच्छे स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं।

**वेजिटेबल्सः** सरसों, पालक, गाजर, चुकंदर और शलजम जैसी गहरे हरे और जड़ वाली सब्जियां कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होती हैं और आपको लंबे समय तक गर्म रखने में कारगर हैं। ये कई विटामिंस और पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। इस मौसम में बहुतायत में मिलने वाली फूल गोभी और ब्रोकली भी बेहतर स्वास्थ्य और गर्माहट के लिए बहुत उपयोगी है।



**साबुत अनाजः** सर्दियों में गर्माहट बनाए रखने के लिए मकई, बाजरा, रागी का आटा खाना फायदेमंद है। ओट्स, क्विनोआ, जौ और ब्राउन राइस भी आप खा सकते हैं, जो फाइबर और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होते हैं और ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**अनारः** यह एंटीऑक्सीडेंट्स और न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होता है। इसमें विटामिन के, फाइबर और विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है।



**शकरकंदः** शकरकंद में भरपूर फाइबर होता है। ये विटामिन-ए, सी, बी-6 और पोटेशियम जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। वे प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने, कब्ज को ठीक करने और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। यह हमें गर्म भी रखता है।

**गुड़ः** गुड़ आयरन का अच्छा स्रोत है, जो एनीमिया को रोकने और हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है। यह मैग्नीशियम, पोटेशियम और कैल्शियम जैसे खनिजों से भरपूर होता है। यह इम्यूनिटी को मजबूत करता है, शरीर से विषाक्त पदार्थों को साफ करता है, शरीर में ऊर्जा बढ़ाता है। इन दिनों डेली डाइट में गुड़ को शामिल करने से सर्दी और खांसी जैसी बीमारियों से बचाव होता है।

**केसरः** सर्दियों में खुद को गर्म और ऊर्जावान रखने के लिए अच्छी चीजों में से एक केसर भी है। आप रात में या सुबह के समय केसर के साथ एक गिलास दूध ले सकते हैं। *

**(डाइटीशियन संगीता मिश्रा और आयुर्वेद विशेषज्ञ राधेश्याम शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

**प्रिकॉशन**
डॉ. मनीषा चक्रवर्ती
सीनियर कंसल्टेंट-पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल, एनसीआर

सामान्य तौर पर हार्ट अटैक की समस्या मिड एज और ओल्ड एज के लोगों में देखी जाती है। लेकिन अब यंग, टीनएज ही नहीं बच्चों में भी हार्ट अटैक के केसेस सामने आने लगे हैं। ऐसे में सभी पैरेंट्स के लिए यह जानना बहुत जरूरी है कि वो कौन सी कंडीशंस हैं, जो बच्चे को हार्ट पेशेंट बनाती हैं? इसके शुरुआती लक्षण क्या हैं और इनसे बचाव कैसे किया जा सकता है?

# बच्चों को भी हो सकता है हार्ट अटैक

पिछले दिनों अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) में रहने वाली 8 वर्षीया दीक्षा और 14 वर्षीय मोहित की खबर चर्चा में रही। हैरानी की बात यह थी कि उनकी किसी तरह की मेडिकल हिस्ट्री नहीं थी, फिर भी खेलते-खेलते सडन कार्डियक अरेस्ट होने से उनकी मौत हो गई। गौर करें तो बीते दशक में हार्ट अटैक से मरने वाले की फेहरिस्त में कम उम्र के कई मासूम शामिल हैं। खेलने-कूदने की उम्र में मासूम बच्चों का ऐसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त होना दुखदायी और चिंताजनक है। इसके प्रति पैरेंट्स को सजग होने की जरूरत है।

## क्या हैं कारण

- पैदाइशी हार्ट की बनावट खराब होना, हार्ट ब्लॉक होना।
- ब्लड प्रेशर, ब्लड में कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड लेवल ज्यादा होना, मोटापा जैसी समस्याओं की फैमिली हिस्ट्री होना।
- जन्म से हार्ट की मसल्स कमजोर होना या हार्ट को ब्लड सप्लाई करने वाली नस का उल्टा जुड़ा होना।
- बच्चे को किसी बीमारी जैसे बुखार के बाद नसों में सूजन आना जिसे कावासाकी डिजीज कहा जाता है।
- हार्ट मसल्स में कैल्शियम, विटामिन डी, किसी एंजाइम की कमी होना।
- मेटाबॉलिक गड़बड़ी के कारण बच्चों का हार्ट पंपिंग कम होती है, जिससे शरीर के किसी भी हिस्से में ब्लड क्लॉट हो सकता है, जो धीरे-धीरे हार्ट आर्टरीज तक पहुंच जाता है, जो हार्ट अटैक का कारण बनता है।
- हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी की समस्या होना, जिसमें हार्ट की मसल्स मोटी और बढ़ जाती हैं, जिससे हार्ट को पंप करने में परेशानी होती है।
- घर में संतुलित पौष्टिक खाने के बजाय जंक और प्रोसेस्ड फूड ज्यादा सेवन करना।
- लॉन्ग क्यूटी सिंड्रोम होना, जिसमें हार्टबीट को कंट्रोल करने वाले इलेक्ट्रिकल सिस्टम में विकार होने से सांस लेने में दिक्कत होना।
- खराब लाइफस्टाइल, सोने-जागने, खाने-पीने का समय नियत ना होना।
- बच्चे का मोबाइल, टीवी स्क्रीन टाइम में ज्यादा समय बिताना, देर रात तक स्क्रीन देखते रहना।
- फिजिकल एक्टिविटी कम करना। पढ़ाई का पियर प्रेशर होना।

## हार्ट प्रॉब्लम्स के लक्षण

अगर बच्चे में ये लक्षण दिखें तो पैरेंट्स को फौरन मेडिकल मदद लेनी चाहिए, ताकि समय पर टेस्ट और डायग्नोसिस हो सके।

- कमजोर होना या विकास ठीक से ना होना।
- चिड़चिड़ा होना या ज्यादा रोना।
- जल्दी थक जाना या कमजोरी महसूस करना।
- बिना वजह पसीना ज्यादा आना।
- सांस फूलना या जोर-जोर से सांस लेना। हाथ-पैर ठंडे होना।
- त्वचा का पर्पल या फिर ग्रे-ब्लू का होना जैसे होंठों, म्यूकस मेंब्रेन और नाखूनों का रंग बदलना।
- दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट होना, चक्कर आना या बेहोश होना।
- खून की कमी होना। छाती-हाथ या पेट में दर्द होना।



## पैरेंट्स रखें ध्यान

हालांकि बच्चों में हार्ट अटैक के मामले बहुत कम ही होते हैं, फिर भी पैरेंट्स को सतर्क रहना चाहिए। प्रेग्नेंसी के दौरान मां के लिए जरूरी है कि बुखार या किसी भी तरह के इंफेक्शन होने से यथासंभव बचाव करें। डॉक्टर को कंसल्ट किए बिना किसी तरह की दवाई नहीं लें। साथ ही स्मोकिंग या एल्कोहल का सेवन ना करें। जन्मोपरांत बच्चे की हार्ट-स्क्रीनिंग जरूर करवाएं। ईको कार्डियोग्राफी या हार्ट का अल्ट्रासाउंड से हार्ट की बनावट, हार्ट फंक्शन या अन्य समस्याओं का पता चल जाता है। बच्चों को बचपन से ही घर में बना पौष्टिक और संतुलित आहार खाने की आदत डालें। प्रत्येक मील में हर फूड-ग्रुप यानी फाइबर, प्रोटीन, विटामिन-मिनरल से भरपूर चीजें शामिल करें। फल-सब्जियां, दालें, दूध और दूध से बने पदार्थ ज्यादा से ज्यादा खाने के लिए दें। ऑयली खाना कम दें, क्योंकि इससे बेवजह वजन बढ़ने का खतरा रहता है। हाइड्रेशन का ध्यान रखें। दिन में कम से कम 4-5 गिलास पानी या घर में बनाए कम चीनी वाले पेय पीने को दें। डब्ल्यूएचओ के अनुसार बच्चे को रोजाना 15-20 ग्राम या 3 चम्मच से अधिक चीनी देना नुकसानदायक है। टॉफी-चॉकलेट जैसी रिफाइंड चीनी से बनी चीजें, कोल्ड ड्रिंक्स, शेक, जूस जैसी चीजें भी यथासंभव कम दें। जहां तक हो सके जंक फूड खाने के लिए ना दें।



इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर घंटों रील्स या मीम्स देखने, गेम्स खेलने या प्रोग्राम देखने के बजाय बच्चों को आउटडोर गेम्स खेलने, हॉबीज के अनुरूप काम करने या दूसरी एक्टिविटीज करने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे बच्चा ना सिर्फ स्क्रीन एडिक्शन से दूर होगा, बल्कि एक्टिव रहेगा और बीमारियों की चपेट मे आने से बचेगा। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन का मानना है कि हर बच्चे को कम से कम 3-4 घंटे एक्टिव रहना जरूरी है। फिजिकल एक्टिविटीज करने पर उसके दिल की कसरत होगी और वो स्वस्थ रहेगा।



बच्चों को स्ट्रेस मैनेजमेंट तकनीक जरूर सिखाएं, तभी वो आगे चलकर हाइपर मूड वाले नहीं बनेंगे और स्वस्थ रहेंगे। उनके साथ क्वॉलिटी टाइम बिताएं। बचपन से ही सर्केडियम रिदम के हिसाब से दिनचर्या को फॉलो करना सिखाना चाहिए। खासकर नियत समय पर सोने-जागने ,खाने-पीने का रूटीन सेट होना चाहिए। उनके लिए रात को कम से कम 8 घंटे की नींद लेना जरूरी है।

3 साल की उम्र से ही ब्लड प्रेशर समय-समय पर चेक करवाएं ताकि बच्चे में हाइपरटेंशन जैसी समस्या पकड़ में आ सके और उसका समुचित उपचार किया जा सके।

मोटापे के शिकार बच्चों में लिपिड प्रोफाइल, थायरॉयड,ब्लड शुगर का टेस्ट समय-समय पर जरूर करवाएं। इससे बच्चे में हार्ट संबंधी समस्या का पहले पता चल सकता है और यथासमय उपचार किया जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

### जीवनशैली है जिम्मेदार




**बच्चों को** खेलते-खेलते हार्ट अटैक आना यानी सडन कार्डिएक अरेस्ट नॉर्मल हार्ट अटैक से अलग होता है। यह किसी भी उम्र के बच्चों (नवजात शिशु को भी) को हो सकता है। इसमें बच्चे को घबराहट, सांस लेने में दिक्कत होने के साथ दिल की धड़कन एकाएक तेज होना, बेहोशी आना और एक घंटे के अंदर-अंदर मौत हो सकती है।

इसके लिए हमारी जीवनशैली काफी हद तक जिम्मेदार है। दरअसल, वर्तमान व्यस्ततम जीवनशैली के चलते जाने-अनजाने बच्चों में बचपन से ही आरामपरस्त जीवनशैली और खान-पान की गलत आदतें विकसित हो रही हैं। उनके शरीर में मेटाबॉलिक रेट खराब हो जाता है और मोटापा बढ़ रहा है। इस वजह से 10 साल की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते हार्ट आर्टरीज ब्लॉक होनी शुरू हो जाती हैं। देर-सवेर उनमें हृदय रोग या समकक्ष कई गंभीर बीमारियां देखने को मिलती हैं।

**हेल्थ न्यूज**

# खर्राटे लेने की समस्या को दूर करेगी स्वदेशी मशीन





खर्राटा लेना, कुछ लोगों की ऐसी समस्या है, जिसे लेने वाले को पता ही नहीं चलता कि वह खर्राटा ले रहा है। लेकिन इससे दूसरे लोगों को बहुत परेशानी होती है। ऐसे लोगों के लिए नई दिल्ली स्थित आईआईटी और एम्स मिलकर स्वदेशी सीपैप मशीन तैयार कर रहे हैं, ताकि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके। विशेषज्ञों का कहना है कि सांस लेते समय जब हवा आसानी से नाक या मुंह से नहीं निकल पाती तो खर्राटे आते हैं। इस दौरान शरीर को उचित ऑक्सीजन नहीं मिल पाती, जिस कारण मस्तिष्क, दिल, फेफड़े सहित दूसरे अंगों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। लंबे समय तक यह स्थिति गंभीर समस्या खड़ी कर सकती है। इस समस्या से बचने के लिए मरीज को सीपैप मशीन लगाने का सुझाव दिया जाता है। इस मशीन की मदद से श्वसन मार्ग में लगातार सही दबाव वाली हवा भेजी जाती है। इससे श्वास मार्ग खुला रहता है और सांस लेने में आसानी होती है। इस मशीन में एक मास्क लगा होता है। यह मास्क एक पाइप से जुड़कर मशीन की मदद से उचित हवा भेजता है। इसकी मदद से खर्राटों की समस्या में आराम मिलता है। इस मशीन को तैयार करने में लगे आईआईटी और एम्स के विशेषज्ञों का कहना है कि इसके नियमित इस्तेमाल से खर्राटों की समस्या दूर हो सकती है और नींद में सुधार आ सकता है। मौजूदा समय में विदेश से आयात होने वाली यह मशीन काफी महंगी है। इसे सस्ता और सुलभ बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। *

**प्रस्तुतिः अजेश कुमार**

**अवेयरनेस**
चेतना झा

# ये हैं साइलेंट डिजीजेज!

कुछ बीमारियां ऐसी होती हैं, जिनके लक्षण शुरुआती दौर में मालूम नहीं पड़ते, इसलिए अकसर लोग इनके प्रति लापरवाही बरतते हैं। धीरे-धीरे जब ये बीमारियां गंभीर रूप ले लेती हैं, तब इनका पता चलता है। इन साइलेंट किलर डिजीजेज के बारे में जानिए।



कई बीमारियां ऐसी होती हैं, जो कब हमारे शरीर में घुसपैठ कर धीरे-धीरे हमें गंभीर स्थिति की तरफ धकेलना शुरू कर देती हैं, इसका हमें अरसे तक अहसास ही नहीं होता। जब तक इनके बारे में पता चलता है, कंडीशन बहुत बिगड़ जाती है। ऐसी बीमारियों को हम 'साइलेंट किलर डिजीजेज' के नाम से जानते हैं। यहां ऐसी ही चार प्रमुख बीमारियों के बारे में बता रहे हैं।

**डायबिटीजः** भारत को दुनिया का डायबिटीज कैपिटल कहा जाने लगा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है, अपने देश में इसकी क्या कंडीशन है? यह हमारे शरीर के अग्नाशय नामक अंग को प्रभावित करती है, जिससे इंसुलिन नामक हार्मोन का बनना कम या बंद हो जाता है। यह हार्मोन ब्लड में शुगर कंट्रोल करने का काम करता है। यह दो प्रकार का होता है। इनमें से टाइप-2 डायबिटीज को हम अपनी जीवनशैली और आहार में बदलाव कर नियंत्रित कर सकते हैं। लेकिन टाइप-1 में ब्लड शुगर कंट्रोल करने के लिए ताउम्र इंसुलिन के इंजेक्शन की जरूरत पड़ती है।

यह बीमारी किडनी और हार्ट को भारी नुकसान पहुंचाती है। यह बीमारी कुछ इस तरह शरीर में प्रवेश करती है कि आमतौर पर व्यक्ति को इसका पता ही नहीं चल पाता है। हालांकि बीमारी बढ़ने के बाद कुछ सामान्य लक्षण दिखने लगते हैं। जैसे, बार-बार पेशाब आना, नींद पूरी होने के बाद भी थकान महसूस होना, बार-बार भूख लगना, वजन कम होना, आंखों की रोशनी कम होना, घाव का जल्दी ना भरना आदि।

**हाई कोलेस्ट्रॉलः** हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या इन दिनों कॉमन हो गई है। कोलेस्ट्रॉल एक मोम जैसा पदार्थ होता है, जो लिवर में बनता है और शरीर के हर हिस्से में पाया जाता है। हमारे शरीर में दो प्रकार का कोलेस्ट्रॉल पाया जाता है गुड और बैड। गुड कोलेस्ट्रॉल हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है जबकि बैड कोलेस्ट्रॉल की वजह से कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। बैड कोलेस्ट्रॉल हमारी आर्टरीज में जमा हो सकता है, जिससे कई तरह की बीमारियां होने लगती हैं। हमारे शरीर को हेल्दी सेल्स बनाने के लिए कोलेस्ट्रॉल की जरूरत होती है, लेकिन इसकी मात्रा ज्यादा होने से कई तरह की हृदय संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।





हाई एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होता। लेकिन इससे आप हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारी के शिकार हो सकते हैं। आर्टरीज में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ने से शरीर के अलग-अलग हिस्सों में क्रैंप (ऐंठन) की समस्या हो सकती है। यह पेरिफेरल आर्टरी डिजीज का एक संकेत भी हो सकता है। ऐसी बीमारियों को पकड़ने के लिए नियमित जांच ही सही तरीका है।

**फैटी लिवरः** खाने में ज्यादा फैट का सेवन लिवर को डैमेज कर सकता है। इस बारे में पेशेंट को जल्दी पता नहीं चल पाता है। शुरुआत में यह बीमारी कोई विशेष लक्षण जाहिर नहीं करती। लेकिन फैटी लिवर बढ़ने पर, मरीज को पेट में दाईं ओर दर्द, आंखों का पीला पड़ जाना, सिरोसिस, चेहरे पर सूजन आदि हो सकती है। इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिए रेग्युलर चेकअप जरूरी है। *



**(डॉ. दीपक चंद्रा प्रकाश, एमडी, डीएम-न्यूरोलॉजी से बातचीत पर आधारित)**

### हाई ब्लड प्रेशर



हाई ब्लड प्रेशर एक गंभीर समस्या है, जिससे हार्ट से संबंधित बीमारियों के होने की आशंका बढ़ जाती है। कई मामलों में मरीज को सालों तक इस बीमारी का पता नहीं होता है। जब किसी व्यक्ति का बीपी 140/90 एमएम/एचजी से ऊपर हो जाता है, तो इसे हाइपरटेंशन कहते हैं। नसों में सिकुड़न या ब्लॉकेज आने पर खून को बहने का रास्ता नहीं मिलता है। जिसकी वजह से दिल को ज्यादा प्रेशर से ब्लड पंप करना पड़ता है। इस वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और हार्ट अटैक व स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। सही समय पर डायग्नोसिस के लिए रेग्युलर चेकअप करवाते रहना चाहिए।

सर्दी के मौसम में फिट, एनर्जेटिक और वार्म रहने के लिए शारीरिक रूप से एक्टिव रहना जरूरी है। आप चाहें तो रोजाना कुछ मिनट हस्त उत्तानासन का अभ्यास करके भी एनर्जेटिक रह सकते हैं। यहां बता रहे हैं इसके करने की विधि, लाभ और सावधानियों के बारे में।

# रोज करें हस्त उत्तानासन आप रहेंगे फिट-एनर्जेटिक

**योगोपचार / दिव्यज्योति 'नंदन'**

आमतौर पर सर्दी के मौसम में हमारी शारीरिक सक्रियता कम हो जाती है। पूरे शरीर में अकड़न होने लगती है। ऐसे में खेलकूद की गतिविधियों, वर्कआउट के अलावा कई योगासन हैं, जिन्हें नियमित करने से हमारे शरीर को जरूरी गर्माइश मिलती है, साथ ही ये हमें चुस्त-दुरुस्त, एनर्जेटिक भी रखते हैं। ये आसन सर्दियों में होने वाले विंटर डिप्रेशन से भी बचाते हैं। वैसे तो कई आसन हैं, जो सर्दियों में हमारे लिए फायदेमंद हो सकते हैं, लेकिन इनमें हस्त उत्तानासन या हस्तोत्तानासन सबसे आसान और कारगर है।



हस्तोत्तानासन को अंग्रेजी में 'स्टैंडिंग बैक बेंड' कहते हैं। इसमें इस्तेमाल शब्दों को तोड़कर देखें तो हस्त का मतलब है हाथ, उत का मतलब है तीव्र, और तन का मतलब है खिंचाव। इस आसन का सारा जोर हाथों के तनाव की विभिन्न मुद्राओं पर निर्भर होता है।

**हस्तोत्तानासन के फायदेः** इसे करने से फेफड़ों में ऑक्सीजन का संचार सही तरीके से होता है, हृदय की पसलियां मजबूत होती हैं, मांसपेशियों में खिंचाव आता है और रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है। इससे ना केवल दिमाग शांत और सक्रिय रहता है बल्कि हमें फील गुड का एहसास भी कराता है। इससे हमारा पाचनतंत्र बेहतर होता है। पैरों और जांघों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और पीठ के दर्द से राहत मिलती है। नियमित रूप से हस्तोत्तानासन करने से मस्तिष्क प्रखर होता है, याददाश्त तेज होती है। इस आसन को करने से लोअर, बैक मसल्स और रीढ़ की हड्डियों को मजबूत बनाने में बहुत मदद मिलती है। इससे मांसपेशियों में खिंचाव आता है, जिससे दर्द और थकान को दूर करने में मदद मिलती है। इस आसन से पेट की मांसपेशियों में खिंचाव और मजबूती आती है, जिससे पाचन तंत्र को तंदुरुस्त रखने में भी मदद मिलती है।

**करने का सही तरीकाः** सबसे पहले योगा मैट पर प्रणाम करने की मुद्रा में खड़े हो जाएं। अब गहरी सांस लेते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर धीरे-धीरे लाएं। ध्यान रखें कि दोनों हाथों के बीच का अंतर कंधों की चौड़ाई से ज्यादा ना हो। जब हाथ पूरी तरह से ऊपर आ जाएं तो ऊपरी धड़ और सिर के पीछे की तरफ हल्का सा कर्व बनाएं। इसके बाद हाथों को ऊपर की ओर उठाते हुए और शरीर को पीछे की ओर ले जाते हुए साथ में मोड़ें। इस मुद्रा में करीब 20 सेकेंड तक रहें, इसके बाद वापस प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं। इस मुद्रा को 7-10 बार दोहराएं।

**बरतें सावधानीः** हस्त उत्तानासन योग करने के लिए अपने अभ्यास को धीरे-धीरे बढ़ाएं। इसे करते हुए घुटनों और कंधों पर अधिक दबाव ना डालें। कोर मसल्स को एक्टिव करने के लिए वॉर्मअप जरूर करें वरना, आपको चोट भी लग सकती है। आसन करते हुए अपनी प्रारंभिक स्थिति में झटके से ना आएं बल्कि धीरे-धीरे आएं। हालांकि यह बहुत सरल योगासन है लेकिन जिन लोगों को हाई ब्लडप्रेशर की समस्या हो उन्हें हस्त उत्तानासन का अभ्यास नहीं करना चाहिए। जिन लोगों को पेट दर्द या डायरिया की शिकायत हो, उन्हें भी यह आसन नहीं करना चाहिए। जिन्हें घुटनों में दर्द या अर्थराइटिस, गर्दन में दर्द हो उनको भी इसका अभ्यास नुकसानदायक हो सकता है। सबसे जरूरी बात यह कि शुरुआत में इसे अनुभवी योग प्रशिक्षक की देख-रेख में ही करना चाहिए। *



26122024-Cit-05_Layout 1 12/26/2024 12:12 AM Page 1




**तस्करों का बड़ा है नेटवर्क** कनाडा के कॉलेज ही नहीं, विश्वविद्यालय भी शामिल?

दो संस्थाएं 35 हजार लोगों को हर साल भेजती थी कनाडा

# अमेरिका में भारतीयों की तस्करी! ईडी ने खोला कनाडा के कॉलेज का राज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा बॉर्डर के जरिए अमेरिका में भारतीय नागरिकों की तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। इस मामले में कनाडा के कुछ कॉलेज और भारतीय संस्थाओं की कथित संलिप्तता बताई जा रही है। यह जांच गुजरात के डिंगुचा गांव के चार लोगों की मौत के बाद हो रही है। 19 जनवरी 2022 को अवैध रूप से बॉर्डर क्रॉस करने की कोशिश कर रहे एक ही परिवार के 4 लोगों की भयंकर सर्दी की वजह से मौत हो गई थी।



**800 से ज्यादा हैं सक्रिय सदस्य**

खबरों के मुताबिक, ईडी ने अहमदाबाद पुलिस की ओर से भावेश अशोकभाई पटेल और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर का संज्ञान लेने के बाद अपनी जांच शुरू की। पटेल पर अवैध चैनलों का इस्तेमाल करके कनाडा के जरिए भारतीय नागरिकों को अमेरिका में तस्करी करने की साजिश रचने का आरोप है। यह मामला धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के आपराधिक प्रावधानों के तहत दर्ज किया गया है। ईडी के मुताबिक, आरोपी ने तस्करी नेटवर्क के तहत कनाडा के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में व्यक्तियों के प्रवेश में मदद की।

यह जांच गुजरात के डिंगुचा गांव के चार लोगों की मौत के बाद हो रही है। इन लोगों की 19 जनवरी, 2022 को अवैध रूप से बॉर्डर क्रॉस करने की कोशिश करते समय मौत हो गई थी।

## देशभर में 5200 एजेंट काम कर रहे हैं

### वसूले जाते थे 55 से 60 लाख रुपए

इस रैकेट के जरिए अमेरिका में एंट्री चाहने वाले भारतीय नागरिकों से कथित तौर पर 55 से 60 लाख रुपए तक वसूले जाते थे। अपनी जारी जांच में ईडी ने 10 और 19 दिसंबर को मुंबई, नागपुर, गांधीनगर और वडोदरा में आठ जगहों पर तलाशी ली थी। तलाशी में दो संस्थाओं का पता चला, जिनमें से एक मुंबई और दूसरी नागपुर में थी। इनका कमीशन के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिलाने के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ समझौता था। आरोप है कि इस नेटवर्क का स्तर बहुत बड़ा है, जिसमें एक संस्था हर साल लगभग 25,000 छात्रों को विदेशी कॉलेजों में भेजती है, जबकि दूसरी संस्था 10,000 से अधिक छात्रों को भेजती है। जांच में गुजरात में 1,700 और बाकी भारत में 3,500 एजेंटों या साझेदारों की संलिप्तता का भी पता चला है, जिनमें से लगभग 800 अभी भी सक्रिय हैं।

### ईडी का एक्शन

*इसके अलावा, ईडी ने खुलासा किया कि 112 कनाडाई कॉलेजों का जांच के दायरे में आई एक यूनिट के साथ समझौता था, जबकि दूसरी यूनिट 150 से ज्यादा कॉलेजों से जुड़ी हुई थी। ईडी को संदेह है कि कनाडा-अमेरिका बॉर्डर के पास स्थित कुछ संस्थान सीधे तौर पर मानव तस्करी गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। ईडी ने अपनी तलाशी के दौरान बैंक में जमा 19 लाख रुपये फ्रीज कर दिए, दो वाहन जब्त किए और आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस जब्त किए।*

### ऐसे की एंट्री

*इन लोगों ने कनाडा के स्टूडेंट वीजा के लिए आवेदन किया था, लेकिन कनाडा पहुंचने पर वे संस्थानों में नहीं गए। इसके बजाय, वे अवैध रूप से सीमा पार करके अमेरिका में एंट्री कर गए। ईडी ने आरोप लगाया है कि इन कनाडाई कॉलेजों को दी गई फीस लोगों के खातों में वापस भेज दी गई, इसकी वजह से संस्थानों की मिली भगत के बारे में संदेह पैदा होता है।*

# दो सरकारी विभागों ने विज्ञापन देकर 'केजरी के दावे' से किया इंकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**खास बातें**

- कांग्रेस ने दर्ज कराई धोखाधड़ी की शिकायत
- फ्री-बीज के ऐलान का मामला

युवा कांग्रेस ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली में



मुफ्त इलाज, महिलाओं को 2100 देने के ऐलान के खिलाफ पुलिस में केस किया। प्रदेशाध्यक्ष अक्षय लाकरा ने कहा कि हमने पार्लियामेंट पुलिस स्टेशन में केजरीवाल के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी करने को लेकर शिकायत की है। उन्होंने कहा कि जब सरकार के विभाग इन दो स्कीम से इनकार कर रहे हैं, तब आप ऐसे कैसे दावा कर सकती है। दिल्ली सरकार के दो विभागों ने आज सुबह अखबारों में विज्ञापन छपवाकर कहा कि राज्य में महिला सम्मान और संजीवनी जैसी कोई योजना नहीं है। पहला इश्तिहार महिला और बाल विकास विभाग ने महिला सम्मान योजना को लेकर जारी किया है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली सरकार ने ऐसा कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। दूसरा विज्ञापन दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने संजीवनी योजना को लेकर जारी किया। इसमें कहा गया है कि सरकार ऐसी कोई स्कीम नहीं चला रही है। लोगों को कार्ड बनाने के नाम पर निजी जानकारी न देने की सलाह दी है।

## ग्रेप-4 की पाबंदियां हटीं, पर लागू रहेंगे ग्रेप-3 के नियम

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एमसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर कम होने के साथ ही हवा की क्वालिटी में सुधार आया है। मंगलवार शाम को दिल्ली का एक्यूआई 400 से नीचे रिकॉर्ड हुआ। इसके बाद ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के चौथे फेज यानी ग्रेप-4 की पाबंदियां हटा ली गई हैं। फिलहाल दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप वन, दू और थ्री की पाबंदियां लागू रहेंगी। इस संबंध में एयर क्वालिटी कमीशन ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। ग्रेप प्रतिबंधों पर उप-समिति ने बताया कि दिल्ली का वएक्यूआई सुबह से लगातार सुधार रहा है।

फ्लैट बेचना है किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

**एक ही वाहन में 20-25 गायें भरने पर भड़के**

# बजरंग दल वालों ने की इंदौर में निगमकर्मियों से मारपीट

एजेंसी ▶▶ इंदौर

इंदौर में अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत बुधवार को एक गौशाला को हटाने के दौरान गौरक्षकों और नगर निगम कर्मचारियों के बीच झड़प हो गई और इस दौरान कुछ सरकारी वाहनों को नुकसान तोड़फोड़ कर दी गई। हालांकि, प्रदर्शन का नेतृत्व बजरंग दल ने किया, लेकिन पुलिस ने कहा कि घटना को लेकर अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है। इंदौर नगर निगम की डिप्टी कमिश्नर लता अग्रवाल ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि दत्त नगर इलाके में गौशाला का निर्माण बिना किसी अनुमति के किया गया था और स्थानीय निवासियों की शिकायत पर इसे हटाया जा रहा था। उनकी जानकारी के अनुसार, दो-तीन नगर निगम कर्मचारियों की पिटाई की गई, लेकिन यह भी सामने आया है कि मारपीट में दोनों पक्ष शामिल थे। डिप्टी कमिश्नर ने पुष्टि की कि नगर निगम के कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त और महापौर के निर्देश पर उचित कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय बजरंग दल के संयोजक प्रवीण



दारेकेर ने दावा किया कि दत्त नगर में 'गौशाला' करीब 30 साल पुरानी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब गायों को निगम की गौशाला में ले जाया जा रहा था, तो एक ही वाहन में 20-25 गायें भर दी गईं और उनमें से पांच से सात घायल हो गईं। उन्होंने कहा कि इस घटना से हिंदू समुदाय के लोग भड़क गए और जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो नगर निगम के कर्मचारियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। बजरंग दल के संयोजक दरेकर ने कहा, 'अगर हमारे किसी कार्यकर्ता के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज किया जाता है, तो हम भी निगम कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाएंगे।'

**सवाल: चीन किससे लड़ने जा रहा युद्ध?**

## ड्रैगन सेना ने दिया 10 लाख रुपए के विस्फोटक-आत्मघाती ड्रोन का ऑर्डर



एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन की सरकार ने सेना पीएलए के लिए 10 लाख आत्मघाती ड्रोन खरीदने का ऑर्डर दिया है। चीनी सेना को इन ड्रोन की सप्लाई साल 2026 तक हो जाएगी। चीनी सेना के इस महाआर्डर की दुनियाभर में चर्चा हो रही है। आत्मघाती ड्रोन विमानों ने आर्मीनिया-अजरबैजान से लेकर यूक्रेन युद्ध तक में अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। दुनिया ने पहली बार नगर्नो कराबाख की लड़ाई में कामीकाजी ड्रोन युद्ध को देखा था जिसमें अजरबैजान को जीत मिली थी। अब चीन ने भी इसके लिए कमर कस ली है। इस ऑर्डर से साफ हो गया है कि चीन अब आधुनिक युद्ध में इसका जमकर इस्तेमाल करने जा रहा है। एक तरफ जहां चीन बड़े पैमाने पर युद्धक तैयारी में जुटा हुआ है।

## दो सटे जिलों के दो गांवों में फायरिंग से तनाव

एजेंसी ▶▶ इंफाल

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर आज क्रिसमस के दिन भी भारी गोलीबारी से दहल उठा। सुरक्षा बल के सूत्रों ने बताया कि क्रिसमस के दिन राज्य की राजधानी इंफाल से सटे पहाड़ी जिलों इंफाल ईस्ट और कांगपोकपी जिलों के बीच अंतर-जिला सीमावर्ती दो गांवों में भारी गोलीबारी हुई है। हालांकि, इस गोलीबारी में कितने लोग हताहत हुए हैं, उसकी सटीक जानकारी नहीं मिल सकी है लेकिन इस घटना से इलाके में भारी तनाव है, जिसे देखते हुए प्रभावित गांवों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल भेजे गए हैं। दूसरी तरफ, चुराचांदपुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक पुल के नीचे से 3.6 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया है। सेना के एक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में इंफाल-चुराचांदपुर मार्ग पर स्थित लीसांग गांव से विस्फोटक जब्त किया। 'स्पीयर कोर' ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के लीसांग गांव में आईईडी होने की विशिष्ट खुफिया सूचना मिली और इसके बाद तलाशी ली गई।

**क्रिसमस पर भी दहला मणिपुर, भारी सुरक्षाबल तैनात**

**देशभर में क्रिसमस की धूम रही**

## गिरजाघरों में हुईं विशेष प्रार्थना सभाएं सभी धर्मों के लोग पहुंचे चर्च

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूरे देश में ईसाई धर्मावलंबी क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया। क्रिसमस पर देशभर के सभी चर्च रंगीन फर्रियों और बल्बों की रोशनियों से जगमग रहे। घर-घर क्रिसमस ट्री लगाए गए, तो क्रिसमस केक भी काटे गए। लोगों ने प्रभु यीशु को याद कर एक-दूसरे को केक खिलाकर क्रिसमस की बधाई दी। गिरजाघरों में यीशु के जन्म को दर्शाती हुई झांकियां सजाई गईं और विशेष प्रार्थना सभाओं का भी आयोजन किया गया। बाइबिल पाठ के साथ सुख-समृद्धि सहित विश्व में अमन चैन के लिए प्रार्थना की गईं। पादरियों ने युवाओं को प्रभु यीशु के संदेशों के आत्मसात करने का आह्वान भी किया।



*यह रांची की तस्वीर है और इस तस्वीर में एक चर्च नजर आ रहा है, जिसे क्रिसमस के खास मौके पर बहुत ही अच्छे से सजाया गया है। इसकी लाइट्स बेहद आकर्षक हैं।*



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी मंगलवार रात कोलकाता में क्रिसमस मनाने के लिए एक चर्च में मध्य रात्रि की प्रार्थना के दौरान शामिल हुईं।



**नई दिल्ली।** बुधवार को नई दिल्ली स्थित सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल में क्रिसमस समारोह के दौरान ईसाई श्रद्धालु।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

अर्जेन्ट आवश्यकता है - रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888. (RO-2459)

आवश्यकता है- तेलीबांधा, टाटीबंध, सरोना, एमजी. रोड हेतु सुरक्षा गार्ड, एवं सुरक्षा सुपरवाइजर की शीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संपर्क - 9981144486.(RO-2466)

**शिक्षक**

आवश्यकता है- स्कूल स्टाफ चाहिए हिंदी माध्यम गौकर्ण हा./ से. स्कूल सेजबहार धुसेरा रायपुर में पहली से आठवीं तक सभी विषयों के (फुल/ पार्ट टाइम) शिक्षक जो अनुभवी विवाहित व संस्कारी हो व एक सहा. प्रचार्य एक ऑफिस क्लर्क चाहिए निकटतम रहवासियों को प्राथमिकता- मानदेय व सुविधायें योग्यतानुसार चर्चा पश्चात साक्षात्कार समय सुबह 11 से 1 तक दिनांक 28/ 29 दिसंबर संपर्क- 9977604440.(RO-2457)

**सेल्सगर्ल/सेल्समैन**

आवश्यकता है- ज्वेलरी शॉप में कार्य करने हेतु अनुभवी 10 सेल्समैन और सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार, बायोडाटा के साथ ज्वेलर्स स्वरूपचंद, मेन रोड, मोवा 9009854321 (RO-27)

**क्लासीफाईड**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (RO-3157)

आवश्यकता है- कार्य करने योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें कंप्यूटर ऑपरेटर ,सेल्समैन ,सेल्स गर्ल्स, टेलर वेतन योग्यतानुसार संपर्क जनता फर्निशिंग होलसेल क्लॉथ मार्केट पुलगांव चौक दुर्ग फोन -0788-2212634.(आरो न.-1861)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- PVC पाइप दुकान में काम करने हेतु लड़के चाहिए 04, Tata Ace ड्राइवर -01 पता- आर. बी. पाटीदार एंड कंपनी नर्सिंग मील कम्पाऊन्ड प्लेट फार्म नंबर- 7 के पास गुढ़ियारी रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर - 843 590 4413 (RO-2462)

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर । (RO-399)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु लड़के की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क-श्याम हार्ड वेयर स्टोर्स, स्टेशन रोड,देशबन्धु स्कूल के रायपुर मो.9300908801. (RO-592)

**फील्ड ऑफिसर**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित फाइनेन्स कम्पनी को लोन संबंधित कार्य हेतु सभी जिले में फील्ड सेल्स ऑफिसर की आवश्यकता है सैलरी 10000+ 3000 पेट्रोल+ इन्सेंटिव तथा बिलासपुर ब्रांच हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए सैलरी 10000 से 12000 सम्पर्क करे- 6265172206, 9109833166 (RO-3640)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**कैंटीन स्टॉफ**

आवश्यकता है- नया राजेंद्र नगर रायपुर (छत्तीसगढ़) हॉस्पिटल के कैंटीन हेतु स्टाफ चाहिए संपर्क- जैन रसोई घर व कैटर्स श्री कृष्णा हॉस्पिटल न्यू राजेंद्र नगर (तपेश जैन भंसाली) 9425559771 (RO-2465)

**स्टॉफ नर्स**

आवश्यकता है- स्टाफ नर्स, ट्रेनी नर्स एवं वार्ड बॉय की आवश्यकता है आकर्षक वेतन एवं रहने की सुविधा, संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(RO-3178)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- कुम्हारी स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मालवाहक गाड़ी (इंट्रा, टाटा मैजिक, बोलेरो पिकअप इत्यादि) चलाने हेतु वाहन चालक की । संपर्क:- 11:00 से 01:00 बजे, युगबोध डिजिटल प्रिंट्स 06, समता कॉलोनी, भीमसेन भवन के सामने, रायपुर, (छ. ग.) फ़ोन- 0771-4200932. (RO-28)

**हेल्पर/इलेक्ट्रीशियन**

आवश्यकता है- भिलाई क्षेत्र में हेल्पर वेतन 9000/- एवं हाऊस वायरिंग ट्रेंड इलेक्ट्रिशियन वेतन - 15000/-की आवश्यकता है रहने की सुविधा। अनुभव को प्राथमिकता, जरूरतमंद ही संपर्क करें मो.9329024361, 8319762996.(RO-644)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- थोक वस्त्र व्यवसाय में कार्य करने हेतु व्यक्तियों की आवश्यकता है संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658. (RO-1649)

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- Vishwa सिक्योरिटी सर्विसेस 8th,10th,12th पास जरूरतमंद बेरोजगार युवक/युवती सिक्युरिटी गार्ड जॉब के लिए संपर्क करे 99264-09605, 88272-35662.(आरो न.-648)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- ORDEAL कंपनी को 150 लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। आय (9500 -18500) प्रतिमाह आवास + खाना फ्री परमानेंट जॉब पता- गुरु गोविंद सिंह चौक कृष्णा पेट्रोल पंप के पीछे जगदलपुर छत्तीसगढ़ मो. 9685510878, 9569917030, 9528368316.(RO-2467)

**मार्केटिंग मैनेजर**

आवश्यकता है- दुर्ग भिलाई- आयुर्वेदिक कंपनी में Online Work एरिया मार्केटिंग मैनेजर ( BSC SCIENCE + COMPUTER SCIENCE)की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 18000 + योग्यतानुसार - 6268279954 (आरो 1858)

**सेल्स इंजीनियर**

Required Urgently- required Sales Engineer for Sales and Marketing inside Bhilai Steel Plant. Candidates must be local to Bhilai and experienced. Salary negotiable. Send CV to report@rajsales.net or contact 7999185103, 9827926841.(आरो न.-649)

**वेल्डर/फिटर/हेल्पर**

आवश्यकता है- साइट में कार्य करने हेतु वेल्डर, फिटर, हेल्पर, एवं मार्केटिंग (सेल्स, स्वयं का वाहन + कमीशन) की अतिशीघ्र आवश्यकता है। संपर्क:- 14 रविशंकर शुक्ला मार्कर पावर हाउस भिलाई मो- 9329011025.(आरो न.-650)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8240426971, 9040788128.(RO-817)

**विज्ञापन बुकिंग टाइम**
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यकता है- (नववर्ष भर्ती) जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें- लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/ फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC - 2150/- +91 8602999284 (RO-1335)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004. (RO-3128)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 7450945537 (RO-752)

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

मकान बेचना है- रायपुर कुशालपुर दंतेश्वरी मंदिर के पास आदर्श नगर में 750 वर्ग फीट में 4BHK डुप्लेक्स फर्निश्ड इंडिविजुअल कार्नर मकान बेचना है। 8839814486.(RO-3142)

**जमीन**

जमीन बेचना है- जिला बिलासपुर, ग्राम बन्नाकडीह एवं ग्राम नगपुरा स्थित 17.03 एकड़ कृषि जमीन बेचना है । संपर्क करें – 9993266668. (RO-593)

जमीन बेचना है- भिलाई तीन और चरोदा एवम जामुल से 5 किलोमीटर की दूरी ग्राम रिंगनी मैं नंदोरी रोड से लगी 50 डिसमिल एवं 30 डिसमिल जमीन बेचना है संपर्क करें:- मो.- 9329012985 (आरो न.-647)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - पूर्व मुखी छोटा कमर्शियल प्लॉट 12600 वर्गफीट, 52×241 पुराना धमतरी हाइवे रोड कल्पवृक्ष के पास, जैन ब्रिक्स के सामने, छछानपैरी रायपुर। 2650/- 3000/- सम्पर्क- 9752473779 (कृपया दलाल सम्पर्क ना करें) (RO-36308)

**For Rent किराया**

मकान किराये से देना है- 1 BHK सेकेण्ड फ्लोर में किराया 5000/- महीना पुरानी बस्ती थाना के पीछे नव दुर्गा चौक रायपुर संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9826416557. (RO-3182)

किराए से- गोदाम किराए में देना है 3200 वर्गफीट एरिया इलेक्ट्रिकल पैनल के लिए बहुत पर्याप्त है 25 HP लोड के साथ संपर्क:- जी. के वीडियो हाल, साकरा, रायपुर (छत्तीसगढ) 9755927976. (RO-3179)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

26122024-Cit-07_Layout 1 12/26/2024 12:12 AM Page 1





# पर्दे पर एक साथ दिखेंगे टाइगर और कबीर!

**मुंबई।** सलमान खान और ऋतिक रोशन फिल्म इंडस्ट्री के दो सबसे बड़े और चमकते सितारे हैं। दोनों दशकों से कई हिट प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्हें कभी भी स्क्रीन शेयर करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब ऐसा लगता है कि दर्शकों को दोनों कलाकारों को पर्दे पर किसी प्रोजेक्ट में साथ देखने का मौका मिल सकता है और इसको आसान बनाने के पीछे अली अब्बास जफर का हाथ है। सलमान खान और ऋतिक रोशन पहली बार एक्शन से भरपूर विज्ञापन फिल्म के लिए साथ आने वाले हैं। बड़े पर्दे पर साथ काम करने की तमाम कोशिशों के बाद एक कॉरपोरेट दोनों सुपरस्टार्स को एक्शन से भरपूर विज्ञापन के लिए साथ लाया है।

## लाइफ Style

# मलाइका

## 'ये उनकी समझ है'

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का ब्रेकअप हो चुका है। फिल्म 'सिंघम 3' के प्रचार के दौरान अर्जुन कपूर ने कहा था, 'मैं सिंगल हूं'। उनकी इस टिप्पणी पर हाल ही में मलाइका ने प्रतिक्रिया दी है। मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर कई साल रिलेशनशिप में रहे।

दोनों के प्यार के चर्चे मीडिया की सुर्खियां बने। दोनों की बॉन्डिंग और प्यार देख फैंस इनकी शादी के कयास लगा ही रहे थे कि खबरें ब्रेकअप की आ गईं। दोनों की राहें अब जुदा हैं। फिल्म 'सिंघम 3' के प्रमोशन के दौरान अर्जुन कपूर अपना रिलेशनशिप स्टेटस स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा था, 'मैं अब सिंगल हूं'। एक्टर की इस टिप्पणी पर हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने प्रतिक्रिया दी है। मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर के खुद को सिंगल बताने के कमेंट पर रिएक्ट किया है। अभिनेत्री ने कहा कि वे अपनी निजी जिंदगी के कुछ पहलुओं को निजी रखना पसंद करती हैं। मलाइका ने कहा, 'मैं अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात करने के लिए कभी भी पब्लिक प्लेटफॉर्म नहीं चुनूंगी। अर्जुन ने जो भी कहा, वह उनकी समझ है। उनका विशेषाधिकार है'। मलाइका अरोड़ा ने अपनी जिंदगी की पिछली चुनौतियों का भी जिक्र किया। हालांकि, आने वाले वक्त के लिए वे सकारात्मक रुख अपनाए दिखीं। मलाइका ने कहा कि यह सभी के लिए आगे बढ़ने और नए साल को अपनाने का समय है। जिंदगी में उनके लिए नए सिरे से शुरुआत के संकेत हैं। अर्जुन कपूर नवंबर में रिलीज हुई फिल्म 'सिंघम 3' में नेगेटिव रोल में नजर आए।




## हॉलीवुड मसाला




# जॉनी को डिज्नी ने किया आउट

**लॉस एंजिल्स।** 'कैप्टन जैक स्पैरो', ये सुनते ही हर किसी के दिल और दिमाग पर समुद्री डाकू वाले लुक में जॉनी डेप का चेहरा छा जाता है। लेकिन, अब 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन 6' में ऐसा नहीं होने वाला। इस मशहूर फ्रेंचाइजी फिल्म के एक्टर और डिज्नी के बीच चल रही कॉन्ट्रोवर्सी के बीच जॉनी डेप ने अपने इस किरदार को अलविदा कह दिया है। हॉलीवुड के गलियारों में चर्चा कुछ ऐसी भी चल रही है कि अब अगले'कैप्टन जैक स्पैरो'हेनरी कैविल हो सकते हैं।




# पसंद नहीं आई 'द ओडिसी कास्ट' ...

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर अवॉर्ड विनिंग क्रिस्टोफर नोलन की नई फिल्म 'द ओडिसी' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। 'ओपेनहाइमर' जैसी फिल्म प्रोड्यूस कर चुके क्रिस्टोफर नोलन अब 'द ओडिसी' में बिजी हैं, जोकि प्राचीन ग्रीक कवि होमर के लिखे महाकाव्य पर आधारित है। यह फिल्म ओडीसियस की ट्रोजन युद्ध के बाद घर लौटने के खतरनाक और चुनौतियों भरे सफर की कहानी बयां करेगी। द ओडिसी के साथ जहां क्रिस्टोफर नोलन का नाम जुड़ने से फैंस बेहद एक्साइटेड हैं, वहीं वो स्टार कास्ट का नाम जानकर संकोच में हैं। उन्हें संदेह है कि वो दिए गए किरदारों के साथ न्याय कर पाएंगे या नहीं। दरअसल, द ओडिसी में जेंडया, टॉम हॉलेंड, मैट डेमन, रोबर्ट पेटिंसन, लुपिता न्योंगो, चार्लीज थेरॉन और ऐनी हैथवे जैसे स्टार्स हैं।



# दर्शकों को सेकंड हॉफ आया पसंद...

**मुंबई।** बुधवार को क्रिसमस के मौके पर कलीज द्वारा निर्देशित फिल्म बेबी जॉन रिलीज हो चुकी है। फिल्म में वरु धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी ने अहम भूमिका निभाई है। फिल्म बेबी जॉन साउथ फिल्म थेरी का रीमेक है। 2 घंटे 44 मिनट की इस फिल्म को दर्शकों से मिला-जुला रिव्यू मिला है। एक दर्शक ने बोला, 'बहुत अच्छी फिल्म है, सलमान खान का कैमिया बहुत अच्छा है। फिल्म की स्टोरी भी काफी अच्छी है। वरुण को पहली बार एक्शन अवतार में ऐसा देखकर अच्छा लगा। पहला हाफ स्लो था, लेकिन फिल्म का सेकेंड हाफ काफी अच्छा है। 5 में से 4 स्टार दिए।' एक और दर्शक ने कहा, 'पुलिस के काम को जिस तरीके से फिल्म में पेश किया है वह काफी अच्छा है। फिल्म का सेकंड हाफ ज्यादा अच्छा है।



# हिंदी में 700 करोड़ी क्लब की बनी पहली फिल्म

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 की बादशाहत बरकरार है। फिल्म अपने तीसरे हफ्ते में भी शानदार कमाई कर रही है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अब तक कई कारनामे कर चुकी है। 20वें दिन इस फिल्म ने सभी भाषाओं को मिलाकर 14.25 करोड़ रुपए कमाए। तीसरे मंगलवार को फिल्म ने इतिहास रचते हुए 700 करोड़ क्लब की शुरुआत कर डाली। हिंदी भाषा में बनी कोई भी फिल्म अब तक ऐसा नहीं कर सकी है। फिल्म के कुल कारोबार की बात करें तो अब तक इसने 1089.85 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। मुफासा द लायन किंग भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार कर रही है। पुष्पा 2 के तूफान के बाद भी यह फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खीचने में कामयाब रही है। मंगलवार के दिन फिल्म के कलेक्शन में अच्छा उछाल देखने को मिला।

## टीवी मसाला



# झनक में आएगा पांच साल का लीप, बदल जाएगी कहानी


**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल झनक की टीआरपी लगातार गिरती जा रही है। ऐसे में शो को दिलचस्प बनाने के लिए मेकर्स शो में पांच साल का लीप आनेवाला है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अब अनिरुद्ध और झनक की राहें अलग-अलग हो जाएंगी और शो में पांच साल का लीप आनेवाला है। पांच साल का ये लीप झनक और अनिरुद्ध के रिश्ते में बहुत बदलाव लेकर आने वाला है। पांच साल के इस लीप में झनक अपने जीवन में काफी कुछ पा चुकी होगी। वहीं, अनिरुद्ध के घर बेटे का जन्म होगा। शो में अबतक आपने देखा कि झनक अनिरुद्ध से शादी करने के लिए मना कर देती है। वो कोलकाता छोड़कर मुंबई शिफ्ट होने का फैसला लेगी। हालांकि, शो में लीप के बाद झनक अपने जीवन में व्यस्त होने के बाद भी अनिरुद्ध की यादों को मिटा नहीं पाएगी। वहीं, अर्शी और अनिरुद्ध के घर बेटे का जन्म होगा। रिपोर्ट्स की मानें तो अनिरुद्ध की यादों से निकलने के लिए झनक एक बच्ची को गोद लेगी। अनिरुद्ध का बेटा और झनक की बेटी फ्यूचर में अच्छे दोस्त बनेंगे। अनिरुद्ध को जब पात चलेगा कि झनक की बेटी है तो उसे लगेगा कि झनक ने किसी से शादी कर ली है। ऐसा सोचकर अनिरुद्ध टूट जाएगा। हालांकि, बाद में अनिरुद्ध को पता चलेगा कि झनक ने बेटी को गोद लिया है। लीप के बाद हो सकता है कि दर्शकों को शो में फिर से मजा आने लगे और शो की टीआरपी में चढ़ाव देखने को मिल सकता है। देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स कब शो में ये लीप लेकर आएंगे।

### बिग बॉस 18 में नजर आएंगे सल्लू के भतीजे

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 के आने वाले वीकेंड का वार एपिसोड में दर्शकों और फैंस के लिए एक शानदार और यादगार पल होने वाला है, क्योंकि शो में होस्ट और बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान का 59वां जन्मदिन मनाया जाएगा। सलमान खान 27 दिसंबर को एक साल बड़े हो जाएंगे और इस मौके को खास बनाने के लिए बिग बॉस के मेकर्स ने एक भव्य पार्टी का आयोजन किया है। इस हफ्ते का वीकेंड का वार एपिसोड, जो गुरुवार को शूट किया जाएगा, सलमान खान के लिए कई सरप्राइज लेकर आएगा। इस जश्न का मुख्य आकर्षण सलमान खान के फिल्म इंडस्ट्री में उनके अद्भुत सफर को समर्पित एक स्पेशल वीडियो होगा, जिसे देखकर न सिर्फ सलमान, बल्कि उनके फैंस भी इमोशनल हो सकते हैं। सलमान खान के परिवार के सदस्य भी इस खास अवसर पर शामिल होंगे। उनकी दो भाइयों, सोहेल खान और अरबाज़ खान, साथ ही सोहेल के बेटे निर्वाण, अरबाज़ के बेटे अरहान और सलमान की बहन अर्पिता खान के बेटे आयान भी इस जन्मदिन की पार्टी का हिस्सा बनने के लिए आ सकते हैं। उनके परिवार का इस मौके पर मौजूद होना सलमान खान के लिए और भी भावुक कर देने वाला होगा।

# रफी और लता के कई गानों को नौशाद ने अपने संगीत से तराशा

*__नई दिल्ली।__ संगीत निर्देशक के रूप में नौशाद की पहली फिल्म 1940 में प्रेम नगर थी, लेकिन पहली सक्सेसफुल फिल्म रतन थी। नौशाद हरमोनियम, सितार, पियानो, तबला, बांसुरी, शहनाई, अकॉर्डियन, सारंगी में माहिर थे। उन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों में कमाल का म्यूजिक दिया, जिसे दर्शक आज भी पसंद करते हैं। हिंदी सिनेमा के संगीत सम्राट नौशाद अली वो फनकार थे, जिन्होंने अपने संगीत की धुन पर हर किसी को झूमने पर मजबूर किया था। मुगल ए आजम और मदर इंडिया जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में नौशाद ने अपना संगीत दिया है। यही नहीं बल्कि नौशाद ने मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर के कई गानों को अपने संगीत से तराशा है।*



*__नौशाद का जन्म :__ नौशाद अली हिन्दी फिल्मों के एक प्रसिद्ध संगीतकार थे। पहली फिल्म में संगीत देने के 64 साल बाद तक अपने साज का जादू बिखेरते रहने के बावजूद नौशाद ने 67 फिल्मों में ही संगीत दिया, लेकिन उनका कौशल इस बात की जीती जागती मिसाल है कि गुणवत्ता संख्या से कहीं आगे होती है। नौशाद का जन्म 25 दिसम्बर 1919 को लखनऊ में मुंशी वाहिद अली के घर में हुआ था। वह 17 साल की उम्र में ही अपनी किस्मत आजमाने के लिए मुंबई कूच कर गए थे। शुरुआती दिनों में उन्हें उस्ताद मुश्ताक हुसैन खां, उस्ताद झण्डे खां और पंडित खेम चन्द्र प्रकाश जैसे गुणी उस्तादों की सोहबत नसीब हुई।*

*__पिता को नहीं पसंद था गाना-बजाना :__ उनका परिवार उनके संगीत के खिलाफ था। एक इंटरव्यू के दौरान नौशाद ने बताया, ''मेरे पिताजी को गाना बजाना बिल्कुल पसंद नहीं था, उनके डर से मैं छुप-छुप कर तैयारी करता था।'' जब वह मुंबई में स्ट्रगल करने आए तो उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा था। वह फुटपाथ पर सोते थे। इतनी संघर्ष भरी जिंदगी होने के बाद आखिरकार उन्हें अपने ही पसंदीदा कार्यक्षेत्र में तरक्की हासिल हुई। 'तू कहे अगर और तू मेरा चांद' उनका प्रसिद्ध गाना रहा।*

# वह निर्माता जिसने दी सलीम-जावेद को पहली नौकरी इस फिल्म से चल पड़ा साथ काम करने का सिलसिला

**नई दिल्ली।** दो युवा होनहार लड़के सिनेमा की दुनिया में अपने लिए अवसर तलाश रहे थे। दोनों की कलम में धार थी। उन्हें काम तो मिल रहा था, लेकिन अपने ही काम पर नाम नहीं मिल रहा था। जीपी सिप्पी ने दोनों लड़कों को सिप्पी फिल्म्स में बतौर रेजीडेंट स्क्रीनराइट काम पर रख लिया। फिर फिल्म की पटकथा लिखने का मौका दिया। दोनों लड़कों को आज सलीम-जावेद की जोड़ी के रूप में दुनिया जानती है। जी हां, हम बात कर रहे हैं जावेद अख्तर और सलीम खान की। फिल्म लेखन में इन्हें पहला ब्रेक जीपी सिप्पी साहब से मिला था।

***इस तरह मिले जादू-गुल्लू और लिखी पहली फिल्म :*** यूं तो सलीम-जावेद ने पहली फिल्म लिखी 'अधिकार' (1971)। इस फिल्म की पटकथा दोनों ने महज 12 दिनों के अंदर रच डाली। हालांकि, इस फिल्म में दोनों को क्रेडिट नहीं मिला। दरअसल, इस फिल्म में दोनों ने भूत लेखन (घोस्ट राइटिंग) की। 'अधिकार' फिल्म मिलने की कहानी भी



दिलचस्प है। एसएम सागर की फिल्म 'सरहदी लुटेरा' में गुल्लू यानी सलीम खान सेकेंड लीड एक्टर के रूप में काम कर रहे थे। जादू यानी जावेद अख्तर असिस्टेंट डायरेक्टर थे। एक दिन फिल्म के राइटर के लापता होने पर डायरेक्टर ने जावेद अख्तर को ही सीन लिखने का मौका दिया और वह सीन सलीम खान को इतने पसंद आए कि उन्होंने तुरंत जावेद अख्तर से मुलाकात की। दोनों एक-दूसरे के दोस्त बन गए और फिर बनी सलीम-जावेद की जोड़ी। एसएस सागर ने ही फिर दोनों को एक दिन साथ बिठाकर फिल्म लिखने को मौका दिया।

***'अधिकार' में नहीं मिला अपना अधिकार! :*** जिस वक्त एसएस सागर ने सलीम-जावेद को स्क्रिप्ट लिखने का मौका दिया तब दोनों ही खाली थे। इसे लिखने के लिए सलीम-जावेद को उन दिनों पांच हजार रुपए मिले थे। पैसे ही उन दिनों दोनों की पहली जरूरत थी। फिल्म के क्रेडिट्स में दोनों का नाम कहीं नहीं था। लेकिन, एसएम सागर के असिस्टेंट सुधीर वाही को दोनों का काम इतना पसंद आया कि उन्होंने दोनों को सिप्पी फिल्म्स के दफ्तर जाकर जीपी सिप्पी से मिलने को कहा। इस तरह दोनों को सिप्पी फिल्म्स में नौकीर मिल गई। फिर रमेश सिप्पी और सलीम-जावेद की तिकड़ी बनी। इस तिकड़ी की पहली फिल्म बनी 'अंदाज'।




## शशि कपूर के घर परिवार हुआ इकट्ठा, नीतू सिंह ने खास अंदाज में ली एंट्री

# क्रिसमस पर कपूर परिवार में जमी महफिल, बेबी राहा ने जीत लिया दिल

*__मुंबई।__ कपूर परिवार में क्रिसमस खास अंदाज में सेलिब्रेट किया जाता है। इस दिन पूरा परिवार एक साथ लंच करता है। इस बार भी यह आयोजन रखा गया। इस साल क्रिसमस लंच दिवंगत एक्टर शशि कपूर के घर रखा। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, रीमा कपूर और रणधीर कपूर सहित पूरा कपूर परिवार वहां इकट्ठा हुआ। इस दौरान बेबी राहा सारी लाइमलाइट लूट ले गईं।*

### आलिया बोलीं- 'शोर नहीं'

बीते साल क्रिसमस के मौके पर ही रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने फैंस को अपनी बिटिया की पहली झलक दिखाई थी। इस साल भी उन्होंने फैंस का दिन बना दिया है। क्यूट राहा को क्रिसमस के मौके पैपराजी से मिलवाया गया। हालांकि, राहा को मीडिया के सामने लाने से पहले आलिया भट्ट ने यह सुनिश्चित किया कि ज्यादा शोर न हो। फिर रणबीर कपूर बेटी को गोद में लेकर आए। राहा भी हंसती-मुस्कुराती हुई मीडिया को पोज देती दिखीं।



### सांता बने दिखे रणधीर कपूर

इसके अलावा रणधीर कपूर और रीमा कपूर भी इस आयोजन पर पहुंचे। रणधीर कपूर क्रिसमस पर जश्न के रंग में रंगे नजर आए। वे लाल रंग की टीशर्ट पहने दिखे। साथ ही सांता वाली कैप भी लगाए नजर आए। रीमा कपूर भी अपने परिवार के साथ आयोजन में पहुंचीं। इनके अलावा रितु नंदा की बेटी नताशा भी इस दौरान नजर आईं।

### अरमान ने दिखाई बेटे की झलक

इस मौके पर अरमान जैन भी पहुंचे। अरमान जैन रीमा कपूर के बेटे हैं। कपूर फैमिली के क्रिसमस सेलिब्रेशन पर अरमान ने अपने बेटे को पैपराजी से मिलवाया। कपूर परिवार का सेलिब्रेशन हो और नीतू सिंह न हों, ऐसा कैसे हो सकता है? नीतू सिंह ने खास अंदाज में एंट्री ली।

### नव्या नवेली व अगस्त्य नंदा हुए शामिल

अमिताभ बच्चन के नाती और नातिन-अगस्त्य और नव्या नवेली भी कपूर फैमिली के यहां लंच पर पहुंचे। बता दें कि अमिताभ बच्चन के दामाद निखिल नंदा का ननिहाल कपूर परिवार में है। वे राज कपूर की बेटी रितु नंदा के बेटे हैं। कपूर फैमिली के आयोजन में नव्या और अगस्त्य अक्सर शामिल होते हैं।

### राहा ने कहा- 'हाय फैंस'

बेबी पिंक और व्हाइट कलर की फ्रॉक में राहा बहुत प्यारी लगीं। वहीं, आलिया भट्ट रेड कलर के वनपीस में नजर आईं। पैपराजी के सामने आकर राहा ने हाथ हिलाते हुए कहा, 'हाय फैंस'। इसके बाद उन्होंने फ्लायंग किस दिया। पूरे टाइम राहा अपने पापा की गोद में रहीं। कैमरों की लाइट और पैपराजी के शोर के बीच वह थोड़ी असहज भी नजर आईं। यह वीडियो डिजिटल क्रिएटर मानव मंगलानी के इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया गया है।



## खबर संक्षेप

### पीली मटर का शुल्क मुक्त आयात बढ़ा



**नई दिल्ली।** सरकार ने बिना शुल्क और एमआईपी के पीली मटर के आयात की मंजूरी को अगले साल फरवरी तक बढ़ा दिया है। ऐसी सभी आयात खेप जिनमें बिल ऑफ लेडिंग 28 फरवरी, 2025 तक या उससे पहले जारी किया गया है, तत्काल प्रभाव से आयात खेपों के लिए ऑनलाइन आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण जरूरी होगा।

### ऊर्जा क्षेत्र के लिए अगले 25 साल का खाका तैयार



**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के ऊर्जा क्षेत्र के लिए अगले 25 साल का खाका तैयार किया है।
उन्होंने यहां 'प्रेस से मुलाकात' कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के तहत गरीब लोगों को दिए जाने वाले मकानों में सौर ऊर्जा सुविधा उपलब्ध कराने की योजना बना रही है।

### स्वान एनर्जी ने की एजीएंडपी से साझेदारी




**नई दिल्ली।** स्वान एनर्जी ने गुजरात के जाफराबाद में अपनी प्रस्तावित तरलीकृत प्राकृतिक गैस आयात परियोजना के लिए एक फ्लोटिंग एलएनजी भंडारण एवं पुनर्गैसीकरण इकाई की व्यवस्था की है। सिंगापुर की एजीएंडपी टर्मिनल्स एंड लॉजिस्टिक्स के साथ मिलकर संयुक्त उद्यम कंपनियों के गठन के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पुनर्गैसीकरण इकाई मुहैया कराने और जाफराबाद टर्मिनल को संचालित करने के लिए एक फ्लोटिंग भंडारण इकाई के साथ एलएनजी की आपूर्ति की जा सकेगी।

### गोमैकेनिक 700 करोड़ का जुटाएगी राजस्व




**नई दिल्ली।** यात्री वाहनों की सर्विसिंग एवं मरम्मत सेवाएं देने वाली कंपनी गोमैकेनिक को उम्मीद है कि वर्ष 2027 तक उसका शुद्ध राजस्व तीन गुना होकर 700 करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा। हिमांशु अरोड़ा ने बातचीत में कहा कि कंपनी की वाहन सर्विसिंग बाजार में फिलहाल करीब तीन प्रतिशत हिस्सेदारी है जिसे अगले तीन वर्षों में बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। गोमैकेनिक ने वित्त वर्ष 2023-24 में 210 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया था।

# शेयर बाजार 2024: एफपीआई प्रवाह में भारी गिरावट, अगले साल उछाल की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजारों में 2023 में मजबूत निवेश के बाद विदेशी निवेशकों ने 2024 में अपने निवेश को काफी हद तक कम कर दिया। इस साल शुद्ध प्रवाह 5,000 करोड़ रुपए से अधिक रहा। उच्च घरेलू मूल्यांकन और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का अधिक सतर्क रुख अपनाना इसकी मुख्य वजह रही।

वेंचुरा सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख विनीत बोलिंजकर ने कहा कि 2025 की ओर देखते हुए भारतीय शेयर में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के प्रवाह में सुधार देखने को मिल सकता है। इसे कॉर्पोरेट आय में चक्रीय उछाल से समर्थन मिलेगा

## इस साल शुद्ध प्रवाह 5,000 करोड़ रुपए से अधिक रहा

### वैश्विक मंदी के चलते बनी चिंताएं

बोलिंजकर ने कहा कि इसके अलावा लंबे समय तक वैश्विक मंदी के चलते बनी चिंताएं निवेशकों की भावनाओं तथा जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों के प्रति उनकी रुचि पर असर डाल सकती हैं। दूसरी ओर आनंद राठी वेल्थ लिमिटेड के डिप्टी सीईओ फिरोज अजीज ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव, केंद्रीय बैंक की ब्याज दरों में कटौती तथा संभावित अमेरिकी शुल्क प्रतिबंध भारतीय बाजारों में एफपीआई प्रवाह के लिए अनुकूल स्थिति उत्पन्न कर सकते हैं।



### भारत में 2025 में भी जारी रहेगा एफडीआई प्रवाह

वैश्विक अनिश्चितताओं तथा चुनौतियों के बावजूद भारत में इस साल जनवरी से अब तक औसतन मासिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 4.5 अरब डॉलर से अधिक रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के देश में निवेशक अनुकूल उपायों को बढ़ावा देने से 2025 में भी यह रुझान बरकरार रहने की उम्मीद है। निवेशक-अनुकूल नीतियां, निवेश पर मजबूत 'रिटर्न', कुशल कार्यबल, कम अनुपालन बोझ, छोटे उद्योग-संबंधी अपराधों को दूर करना, सुव्यवस्थित अनुमोदन तथा मंजूरी के लिए राष्ट्रीय एकलखिड़की प्रणाली और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं विदेशी निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित करने के लिए किए गए प्रमुख उपायों में से हैं।

खासकर पूंजीगत वस्तुओं, विनिर्माण व बुनियादी ढांचे जैसे घरेलू-उन्मुख क्षेत्रों में...। हालांकि, आसियान तथा लैटिन अमेरिका जैसे अन्य उभरते बाजारों में ऊंचे मूल्यांकन और सस्ते विकल्प इन प्रवाहों को बाधित कर सकते हैं।

### ऋण बाजार में 1.12 लाख करोड़ का शुद्ध निवेश

'डिपॉजिटरीज' के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में 5,052 करोड़ रुपए से अधिक और ऋण बाजार में 1.12 लाख करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। इससे पहले 2023 में शेयर बाजार में 1.71 लाख करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया गया था जो भारत के जुझारू आर्थिक बुनियादी ढांचे के बारे में आशावाद से प्रेरित रहा था।

## ईवाई की रिपोर्ट में खुलासा, सितंबर तिमाही में 5.4 प्रतिशत रही वृद्धि दर

# वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू और अगले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर अनुमान से कहीं कम यानी 5.4 प्रतिशत रही है। इसकी वजह निजी उपभोग व्यय और सकल स्थिर पूंजी निर्माण में गिरावट है। ईवाई की रिपोर्ट में यह बात कही गई।*

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में जीडीपी की वृद्धि दर सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई थी। इससे पिछली तिमाही में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत थी।

जुलाई-सितंबर में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर में गिरावट मुख्य रूप से घरेलू मांग के दो प्रमुख तत्वों...निजी अंतिम उपभोग व्यय और सकल स्थायी पूंजी निर्माण में संयुक्त रूप से 1.5 प्रतिशत अंक की कमी के कारण आई।

### मांग निवेश में सुस्ती

रिपोर्ट में कहा गया, 'मांग की एक उल्लेखनीय विशेषता निवेश में सुस्ती है, जैसा कि सकल स्थायी पूंजी निर्माण की वृद्धि में परिलक्षित होता है। इस वृद्धि के वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो छह तिमाहियों का निचला स्तर है। इस तथ्य के अलावा कि निजी निवेश की मांग में तेजी नहीं आई है, सरकार के निवेश खर्च की वृद्धि नकारात्मक रही है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में इसमें 15.4 प्रतिशत की गिरावट आई है।'

### राजकोषीय ढांचे में होगा सुधार

'ईवाई इकनॉमी वॉच दिसंबर' 2024 में वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 से मार्च 2024 वित्तीय वर्ष) और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इसमें वित्त वर्ष 2047-48 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत के राजकोषीय दायित्व ढांचे में सुधार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया है। इसमें कहा गया कि टिकाऊ ऋण प्रबंधन, सरकारी बचत को खत्म करने तथा निवेश आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए पुनर्संयोजित दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है, जिससे भारत के विकसित अर्थव्यवस्था में बदलने का मार्ग प्रशस्त होगा।



### मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में करेगी मदद

ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डीके श्रीवास्तव ने कहा, 'राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबंधन अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन भारत को राजकोषीय विवेक बनाए रखते हुए सतत विकास को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक हैं। अद्यतन रूपरेखा सरकारी बचत को खत्म करने, निवेश बढ़ाने तथा अधिक मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगी जो भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। ये बदलाव न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान करेंगे बल्कि भारत के विकसित अर्थव्यवस्था में बदलाव का मार्ग भी प्रशस्त करेंगे।'

### राजकोषीय घाटा 4.5 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य

सरकार गुणवत्तापूर्ण व्यय में सुधार, सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने और वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 प्रतिशत पर लाने पर अपना ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी। वित्त मंत्रालय के एक दस्तावेज में यह जानकारी दी गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को संसद में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगी। केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में घोषित राजकोषीय समेकन के सुगम मार्ग पर चलने और वित्त वर्ष 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 प्रतिशत से कम रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह जानकारी वित्त मंत्रालय ने राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबंधन अधिनियम 2003 के तहत प्राप्तियों व व्यय के रुझानों और सरकार के दायित्वों को पूरा करने में विचलन की अर्धवार्षिक समीक्षा पर दी।

# केंद्र ने शुरू किए 10 हजार नए 'पैक्स', पांच साल से पहले दो लाख का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ इस पहल को दो चरणों में शुरू किया जाएगा

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को 10,000 नई बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) की शुरुआत की। इस मौके पर शाह ने कहा कि सरकार पांच साल की समयसीमा से पहले दो लाख ऐसी समितियां स्थापित करने का अपना लक्ष्य हासिल कर लेगी। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि जब तक सहकारी समितियां पंचायत स्तर पर प्रभावी ढंग से काम नहीं करेंगी, तब तक सहकारिता के जरिये समृद्धि हासिल नहीं की जा सकती।

मंत्री ने कहा, 'हमने पांच साल में दो लाख पैक्स स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम पांच साल से पहले यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। तीन महीने में हमने 10,000 नये पैक्स स्थापित किये हैं। इस पहल को दो चरणों में शुरू किया जाएगा, जिसमें पहले चरण में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) 32,750 नए एम-पैक्स स्थापित करेगा, जबकि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड 56,500 डेयरी सहकारी समितियां और राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड 6,000 मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करेगा।

### राज्य सरकारें बनाएंगी 25 हजार नई सहकारी समितियां

राज्य सरकारें लगभग 25,000 नई सहकारी समितियां बनाएंगी। शाह ने बंद पड़े पैक्स के परिसमापन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की, जिससे 15,000 गांवों में नई समितियां स्थापित की जा सकेंगी। मौजूदा मानदंडों के तहत, जब तक कि एक पैक्स को बंद घोषित न कर दिया जाए, तब तक उस गांव में दूसरा पैक्स स्थापित नहीं किया जा सकता है। मंत्री ने नव स्थापित सहकारी समितियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र, सूक्ष्म एटीएम और रुपे किसान क्रेडिट कार्ड भी वितरित किए। शाह ने इस क्षेत्र में डिजिटलीकरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले से ही मौजूदा पैक्स को कंप्यूटरीकृत कर दिया है और उन्हें 32 विभिन्न पहल के साथ एकीकृत कर दिया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अकेले प्रौद्योगिकी ही पर्याप्त नहीं है।

# बड़ी कंपनियों में दिखी विलय-अधिग्रहण की होड़

■ भारतीय सीमेंट उद्योग 2024 : दो बड़े कॉरपोरेट घरानों के बीच बढ़ी प्रतिद्वंद्विता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सीमेंट उद्योग 2024 में दो बड़े कॉरपोरेट घरानों के बीच छोटी कंपनियों के अधिग्रहण को लेकर बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और एकीकरण का गवाह रहा है। अगले साल सीमेंट उद्योग बिक्री से प्राप्ति में सुधार, ऊंचे मार्जिन और मांग में तेजी के साथ-साथ बड़ी ढांचागत परियोजनाओं पर सरकार के बढ़ते खर्च से बिक्री में लगभग आठ प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद कर रहा है।

दो प्रमुख कंपनियों आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट और अरबपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाली अंबुजा सीमेंट्स द्वारा 4.5 अरब डॉलर में पांच करोड़ टन सालाना से अधिक की क्षमता का अधिग्रहण किया जा रहा है। इसके अलावा, इन कंपनियों ने मौजूदा इकाइयों का विस्तार भी किया है, क्योंकि उन्होंने अवसरों की तलाश में अपनी पूंजी तैयार रखी है। उद्योग को 2024 में कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें मध्यम क्षमता उपयोग से लेकर कम बिक्री प्राप्ति तक शामिल है। इससे कई सीमेंट विनिर्माताओं की आमदनी प्रभावित हुई, मार्जिन घटा और मात्रा में वृद्धि की रफ्तार धीमी हुई। 2024 अल्ट्राटेक और



अदाणी सीमेंट द्वारा अपनी स्थिति मजबूत करने और समय से पहले लक्षित वृद्धि हासिल करने के लिए बड़े अधिग्रहण के लिए भी जाना जाएगा।

### अदाणी सीमेंट्स के अधिग्रहण

साल के दौरान अदाणी सीमेंट्स ने सौराष्ट्र स्थित सांघी इंडस्ट्रीज, पेन्ना इंडस्ट्रीज का अधिग्रहण पूरा कर लिया है और हाल ही में पुरानी कंपनियों के अधिग्रहण की वृद्धि रणनीति के तहत सीके बिड़ला समूह की कंपनी ओरिएंट सीमेंट का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। इसके अलावा, इसने 'माई होम' जैसी छोटी कंपनियों की सुविधाएं भी हासिल कर ली हैं। अदाणी सीमेंट को इस क्षेत्र में प्रवेश के दो साल के भीतर 2024 तक अखिल भारतीय उपस्थिति के साथ 10 करोड़ टन सालाना की क्षमता को पार करने में मदद मिली।

# 2024 में कम रही मनरेगा में काम की मांग : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ साल में कम से कम 100 दिन रोजगार की गारंटी मिलती है

रिजर्व बैंक की एक ताजा रिपोर्ट में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) में काम मांगे जाने की रफ्तार में गिरावट आने का दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना महामारी के बाद के वर्षों के मुकाबले मौजूदा वित्तीय वर्ष (अप्रैल-नवंबर) के अधिकतर महीनों में मनरेगा के तहत लोगों की तरफ से काम मांगने की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। गौरतलब है कि इस स्कीम के तहत जिन परिवारों के वयस्क लोग काम करने में सक्षम होते हैं, उन्हें अकुशल मजदूरी से जुड़े कामों के लिए साल में कम से कम 100 दिन रोजगार की गारंटी मिलती है। आरबीआई के मुताबिक, अक्टूबर के मुकाबले नवंबर 2024 में मनरेगा के तहत काम मांगने वालों की संख्या में 8.2 फीसदी का उछाल देखा गया। पिछले साल नवंबर के मुकाबले यह 3.2 फीसदी ज्यादा रहा। इसकी एक वजह रबी फसलों की बुवाई है। लेकिन महामारी के बाद के वर्षों से तुलना की जाए तो इस वित्तीय वर्ष अप्रैल से नवंबर के बीच मनरेगा के तहत काम की मांग कम ही रही।



### कृषि क्षेत्र बहुत अच्छे

रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, यह रुझान ग्रामीण अर्थव्यवस्था की बेहतर होती स्थिति की ओर इशारा करता है। खासकर कृषि क्षेत्र के अच्छे होते हालात की तरफ। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अक्तूबर 2024 में मनरेगा के तहत काम की मांग पिछले महीने (सितंबर) के मुकाबले 7.5 फीसदी तक गिर गई थी। इसके पीछे की वजह खरीफ सीजन के दौरान बोई गई फसलों की कटाई रही थी।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान

## बिजनेस साइट

# श्योर क्योर रेमिडीज का पौरुष प्राश स्वाद भी, शक्ति भी

**इंदौर।** तेजी से बदलते मौसम और भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहत का ध्यान रखना सबसे अधिक जरूरी है। सर्दियों के मौसम में खासकर संक्रमण और बीमारियों से बचाव बहुत जरूरी है। विगत 25 वर्षों से 350 उत्पादों के साथ भरोसेमंद सेवाएं दे रहे आयुर्वेदिक संस्थान श्योर क्योर रेमिडीज ने तैयार किया है एक ऐसा ही फॉर्मूला, जो प्राकृतिक गुणों और पोषक तत्वों से भरपूर है और इम्यूनिटी को बढ़ाने वाला है। पूर्ण प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के 100 वें जन्मदिन पर प्रस्तुत यह विशेष पौरुष प्राश पारम्परिक शास्त्रोक्त विधि से तैयार किया गया है।

श्योर क्योर रेमिडीज के डॉ. सूर्यनाथ दुबे के अनुसार- पौरुष प्राश सभी आवश्यक विटामिन, खनिज, प्रोटीन तथा पोषक तत्वों से युक्त एक उत्पाद है जो श्वसन और पाचनतंत्र दोनों को सुचारू रूप से काम करने और मजबूत बनाने में सहायता करता है। इसके गुणों को बढ़ाने के लिए हमने इसे शकर की बजाय गुड़ के साथ तैयार किया है।




■ प्राकृतिक पोषक तत्वों से युक्त, गुड़ से बना स्वास्थ्यवर्धक फॉर्मूला

इसलिए इसका लाभ और भी बढ़ जाता है। सर्दियों के मौसम में इसका सेवन स्वास्थ्य को उत्तम बनाने में मदद कर सकता है। विगत दो दशकों से भी अधिक समय से हम अपने आयुर्वेदिक संस्थान में गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का निर्माण कर रहे हैं। हमारे उत्पाद पारंपरिक शास्त्रोक्त विधि से निर्मित हैं। उल्लेखनीय है कि श्योर क्योर रेमिडीज के उत्पाद इंदौर के साथ ही मुंबई, रायपुर व रांची में भी उपलब्ध हैं और इन्हें लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इन्हें किसी भी केमिस्ट के पास से खरीदा जा सकता है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, देवेन्द्रनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीघ्र पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### भारोत्तोलक देवी ने एशियन चैंपियनशिप में जीता रजत

**दोहा।** भारतीय भारोत्तोलक मार्टिना देवी ने यहां एशियाई जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं की जूनियर प्लस 87 किलो श्रेणी में रजत पदक जीता। मणिपुर की 18 वर्ष की मार्टिना ने 225 किलो (96 और 129 किलो) वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया । उन्होंने क्लीन एंड जर्क में भी रजत और स्नैच में कांस्य पदक हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 237 किलो है जो उन्होंने इस साल जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में किया था।

### ज्यादा ना सोचें और खेल का आनंद लें

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस कम उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने की चुनौतियों को



अच्छी तरह से समझते हैं और इसलिए उन्होंने 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास को ज्यादा नहीं सोचने और अपने खेल का पूरा आनंद लेने की सलाह दी है। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में जगह बनाने वाले कोंस्टास का भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करना तय है।

### भारत जीत का दावेदार : शास्त्री

**मेलबर्न।** पूर्व कोच रवि शास्त्री ने गुरुवार से यहां शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में भारत को जीत का दावेदार बताते हुए कहा कि उसने अभी तक ऑस्ट्रेलिया की



शीर्ष क्रम की कमजोरी का पूरा फायदा उठाया है। शास्त्री ने इसके साथ ही कहा कि तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने अकेले दम पर भारत को इस मुकाम पर पहुंचाया जहां बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है। शास्त्री में न्यूज़.कॉम.एयू से कहा, 'श्रृंखला अभी जिस मुकाम पर है उसमें मुझे लगता है कि भारत बढ़त पर है।'

### अब जियो सिनेमा पर नहीं देख पाएंगे भारत के मैच

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज




खेलनी है। टीम इंडिया को इंग्लिश टीम के खिलाफ 5 टी20 और 3 वनडे मैच खेलने हैं। अगले साल होने वाली इस सीरीज को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई ह।. फैंस इसे जियो सिनेमा या स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क पर नहीं देख पाएंगे। 22 जनवरी से शुरू होने वाली सीरीज का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी+हॉटस्टार ऐप पर किया जाएगा।

### रोहित शतक से देंगे जवाब : क्लार्क

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने रोहित शर्मा को लेकर बड़ा बयान दिया है। क्लार्क को उम्मीद है कि रोहित शर्मा चौथे टेस्ट मैच में शतक जमाकर



आलोचना करने वाले सभी लोगों को करारा जवाब देंगे। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने रोहित शर्मा को लेकर भविष्यवाणी की और बताया कि चौथे टेस्ट में रोहित के बल्ले से शतक निकल सकता है। दरअसल, हाल के समय में रोहित शर्मा फॉर्म में नहीं हैं, जिसके कारण उनकी खूब आलोचना हो रही है। रोहित मौजूदा सीरीज में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। केएल राहुल को अपना ओपनिंग स्थान सौंपने के बाद रोहित छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

**बॉक्सिंग डे टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथा टेस्ट स्टार स्पोर्ट्स पर आज सुबह 5 बजे से**

# रोमांचक मुकाबले की संभावना, भारत के लिए रोहित की बल्लेबाजी क्रम बना चिंता

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ब्रिस्बेन टेस्ट को ड्रा करने से उत्साहित भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले खराब फॉर्म में चल रहे कप्तान रोहित शर्मा के बल्लेबाजी क्रम को लेकर अनिश्चित बनी हुई है। भारतीय कप्तान केएल राहुल की जगह पारी की शुरुआत कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो राहुल को फिर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ेगा। इस तरह की स्थिति में शुभमन गिल को या तो मध्य क्रम में उतरना होगा या फिर उन्हें ध्रुव जुरेल के लिए जगह खाली करनी होगी।

पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला अभी 1–1 से बराबर है। रोहित को 2019 में सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा गया था और तब से उन्होंने मध्यक्रम में खेलना बंद कर दिया था लेकिन अच्छी फॉर्म में चल रहे राहुल और पहले टेस्ट में शतक बनाने वाले यशस्वी जायसवाल से पारी का आगाज करवाने के लिए उन्हें छठे नंबर पर उतरना पड़ा। रोहित मध्यक्रम में असफल रहे और अभी तक तीन पारियों में उनके नाम पर केवल 19 रन दर्ज हैं। अब अगर उन्हें सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा जाता है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम का संयोजन कैसा होगा।



### कोंस्टास की होगी परीक्षा



जहां तक ऑस्ट्रेलिया की बात है तो सभी की निगाहें इस पर टिकी होंगी कि टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के लिए तैयार 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का किस तरह से सामना करते हैं। वह इससे अच्छी तरह वाकिफ है कि बुमराह उनके पूर्ववर्ती नाथन मैकस्वीनी का करियर अधर में लटका चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी अच्छी खबर यह है कि आक्रामक बल्लेबाज ट्रैविस हेड पूरी तरह से फिट हैं और मेलबर्न में भी अपना जलवा दिखाने के लिए उत्सुक हैं, जिससे रोहित के माथे पर शिकन बढ़ना तय है।

### अपेक्षाओं पर खरा उतरने की चुनौती

जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति के बावजूद ऑस्ट्रेलिया का आक्रमण कमजोर नहीं नजर



नहीं आता है क्योंकि स्थानीय खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड अपनी सटीक लेंथ और उछाल भरी गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। जायसवाल, गिल और पंत को अपनी अपेक्षाओं पर ही खरा उतरना होगा तथा बिना किसी दबाव के मैदान पर उतरना होगा जैसा कि कप्तान भी चाहते हैं।

### भारत का एमसीजी पर पलड़ा भारी

दोनों कप्तानों का मानना है कि श्रृंखला के अभी तक के परिणाम से दोनों टीम के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का पता चलता है लेकिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर चीजें तेजी से बदल सकती हैं। भारत का ऑस्ट्रेलिया में यह पसंदीदा मैदान रहा है जहां उसने 2014 से कोई टेस्ट मैच नहीं गंवाया है। भारत ने यहां अपने पिछले जो टेस्ट मैच में जीत दर्ज की है। लेकिन इस बार तीन युवा धुरंधरों (यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और शुभमन गिल), आत्मविश्वास से भरे सलामी बल्लेबाज (केएल राहुल) और कुछ उम्रदराज दिग्गजों (विराट कोहली और रोहित) के साथ यह टीम बहुत आश्वस्त नहीं दिख रही है।

### कोहली को जागने की जरूरत

ऑस्ट्रेलिया की टीम अतीत की तरह अब मजबूत दावेदार नजर नहीं आती है लेकिन इसके बावजूद अगर भारत को एमसीजी पर अपना विजय अभियान जारी रखना है तो उसके बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। कोहली को अपने अंदर का चैंपियन जगाना होगा तथा जब पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क ऑफ स्टंप से बाहर गेंदबाजी करके उनकी परीक्षा लेंगे तब इस स्टार बल्लेबाज को संयम बरतना होगा।

**क्रिकेट**

# बुमराह ने की अश्विन के रिकॉर्ड 904 टेस्ट रेटिंग अंकों की बराबरी



एजेंसी ▶▶| दुबई

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की गेंदबाजों की रैंकिंग में अपने रेटिंग अंक 904 पर पहुंचा कर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी की। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में 94 रन देकर नौ विकेट लिए थे जिससे उन्हें 14 रेटिंग अंक मिले।

इससे उन्होंने न सिर्फ अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी की बल्कि गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति भी मजबूत की। बुमराह के पास अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अश्विन को पीछे छोड़कर नया भारतीय रिकार्ड बनाने का मौका होगा। अश्विन ने दिसंबर 2016 में यह उपलब्धि हासिल की थी। इस ऑफ स्पिनर ने हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (856) और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेज़लवुड (852) भारतीय गेंदबाज के बाद क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

### हेड चौथे स्थान पर


भारत के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके 825 रेटिंग अंक हैं। वह अभी इंग्लैंड के जो रूट (895) और हैरी ब्रूक (876) और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन (867) से पीछे हैं। ऑल राउंडर की सूची में भारत के रविंद्र जडेजा 424 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने गाबा में तीसरे टेस्ट में अपने चार विकेट और 42 रन की बदौलत शीर्ष 10 में जगह बना ली है।

# माहेश्वरी और अनंतजीत ने जीता स्कीट मिश्रित टीम राष्ट्रीय खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माहेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरुका की जोड़ी ने राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में राजस्थान के लिये स्कीट मिश्रित टीम खिताब जीता। डॉक्टर कर्णीसिंह निशानेबाजी रेंज पर खेले गए फाइनल में दोनों ने उत्तर प्रदेश के मैराज अहमद खान और अरीबा खान की जोड़ी को 44-43 से हराया।

पंजाब की गनीमत सेखों और अभय सिंह सेखों ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले माहेश्वरी और अनंतजीत ने 25 शॉट के तीन दौर में क्रमशः 72 और 71 स्कोर करके सात टीमों के क्वालीफिकेशन दौर में पहला स्थान हासिल किया। मैराज और अरीबा,



गनीमत और अभय और हरियाणा की राइजा ढिल्लों और ईशान लिबरा 141 अंक लेकर दूसरे स्थान पर थे और शूटआफ में उत्तर प्रदेश की टीम ने बाजी मारी। जूनियर स्कीट मिश्रित टीम वर्ग में मध्यप्रदेश के ज्योतिरादित्य सिंह और मानसी रघुवंशी ने ईशान और संजना सूद को शूटआफ में 4-2 से हराकर खिताब जीता। तेलंगाना के मुनेक बाटुला और जाहरा दीसावाला को कांस्य पदक मिला।



### धोनी ने क्रिसमस पर सोशल मीडिया पर मचाई खलबली

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की झलक देखने को फैंस सालभर इंतजार करते हैं। लेकिन इस बार धोनी ने आईपीएल 2025 से पहले क्रिसमस पर सोशल मीडिया हैंग कर दिया है। उनकी तस्वीरें चारो तरफ वायरल हो रही हैं। माही अपनी बेटी जीवा धोनी और पत्नी के साथ नजर आए, लेकिन सैंटा क्लॉस वाले लुक में। बड़ी-बड़ी दाढ़ी और लाल टोपी के साथ धोनी फैमिली के साथ इंजॉय करते दिखे। एमएस धोनी के साथ बेटी जीवा ने खूब मस्ती की। साक्षी भी ग्रीन ड्रेस में माही के साथ नजर आईं।

# हरविंदर ने खेल रत्न पुरस्कार में भेदभाव के लगाए आरोप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पैरा-तीरंदाज और पेरिस पैरालिंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर सिंह ने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के नामांकन में पैरालिंपियनों के लिए रिकग्निशन की कमी की खुले तौर पर आलोचना की है। पेरिस पैरालिंपिक में पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले सिंह ने ओलंपिक की तुलना में पैरालिंपिक की उपलब्धियों के सम्मान में असमानता पर निराशा व्यक्त की है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट भी किया है। हरविंदर सिंह ने कहा कि अवनि लेखरा, सुमित अंतिल और प्रमोद भगत सहित टोक्यो 2020 पैरालिंपिक के सभी स्वर्ण पदक विजेताओं को 2021 में खेल रत्न से सम्मानित किया गया था। हालांकि, उनकी ऐतिहासिक उपलब्धियों के



बावजूद पेरिस पैरालिंपियनों को समान लेवल की रिकग्निशन नहीं दी गई है। पेरिस में सिंह ने फाइनल में पोलैंड के लुकाज सिसज़ेक को 6-0 के शानदार स्कोर के साथ हराया था। वह पैरालिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पैरा-तीरंदाज बन गए थे। हरविंदर ने अपनी पोस्ट में लिखा, "खेलों में भेदभाव' टोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया, लेकिन पेरिस 2024 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं के बारे में क्या? समान प्रतियोगिता, समान स्वर्ण, समान गौरव, समान पुरस्कार क्यों नहीं?"

**2024 में भारतीय क्रिकेट**

# आईसीसी ट्रॉफी का इंतजार खत्म, घर में मिली पराजय



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के लिए वर्ष 2024 उतार चढ़ाव वाला रहा तथा जहां टीम ने आईसीसी ट्रॉफी जीतने के लंबे इंतजार को खत्म किया वहीं उसे घरेलू श्रृंखला में हार झेलनी पड़ी। भारतीय क्रिकेट में इस साल बदलाव का दौर भी शुरू हुआ। इसकी शुरुआत कुछ दिग्गज खिलाड़ियों के अपेक्षित और अप्रत्याशित संन्यास के साथ हुई। भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी ट्रॉफी जीतने के लिए बेताब थी क्योंकि पिछले एक दशक में वह अधिकतर नॉकआउट चरण में बाहर होती रही। इनमें पिछले साल वनडे विश्व कप का फाइनल भी शामिल है जहां उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में शुरू से लेकर आखिर तक शानदार प्रदर्शन किया और ट्रॉफी जीती।

### दिग्गजों का संन्यास सूर्या को कमान

रोहित, कोहली और जडेजा ने भारतीय टीम के चैंपियन बनने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। यह मुख्य कोच



राहुल द्रविड़ के लिए भी शानदार विदाई थी जिनका कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था। रोहित के संन्यास लेने के बाद पूरी उम्मीद थी की हार्दिक इस छोटे प्रारूप में कप्तानी का दायित्व संभालेंगे लेकिन द्रविड़ की जगह मुख्य कोच का पद संभालने वाले गौतम गंभीर की सोच अलग थी क्योंकि उन्होंने टी20 में भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सूर्यकुमार को कप्तान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जय शाह बने आईसीसी के नए अध्यक्ष



साल के आखिर में जय शाह आईसीसी के नए अध्यक्ष बने जिससे विश्व क्रिकेट में भारत के प्रभाव का भी पता चलता है। वह जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर के बाद इस पद पर आसीन होने वाले पांचवें भारतीय हैं। शाह ने पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी पर मंडरा रहे खतरे के बादलों को दूर करके तुरंत ही अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई। भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने की जरूरत नहीं है और वह अपने मैच दुबई में खेलेगा।

# हेड का निडर प्रदर्शन ऑस्ट्रेलियाई तरीका



**मेलबर्न।** अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर ग्रेग चैपल का मानना है कि ट्रैविस हेड वर्तमान समय में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं, जिनका बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ प्रदर्शन उनके निडर दृष्टिकोण और बल्लेबाजी के ऑस्ट्रेलियाई तरीके का जीवंत उदाहरण है। हेड ने भारत के खिलाफ पहले तीन टेस्ट मैचों में दो शतक और एक अर्धशतक की मदद से 409 रन बनाए हैं और वह श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं।

**दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में जगह बनाने दो में से एक टेस्ट जीतना जरूरी**

# अफ्रीका की नजरें डब्लूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला जीतकर दक्षिण अफ्रीका की नजरें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह पक्की करने पर लगी हैं। दक्षिण अफ्रीका को लॉडर्स पर अगले साल होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाने के लिए इस चक्र के बाकी दो में से एक टेस्ट जीतना जरूरी है।

कप्तान तेम्बा बावुमा को यकीन है कि उनकी टीम दो टेस्ट मैचों की आगामी श्रृंखला में




अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी। बावुमा ने कहा, 'अपेक्षाओं का दबाव तो है लेकिन हम श्रृंखला 2-0 से जीतने के इरादे से उतरेंगे। हमें पता है कि इसके लिए एक टीम के रूप में हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।' दक्षिण अफ्रीका ने टीम में चार तेज गेंदबाजों को शामिल किया है जिनमें 140 किलोमीटर की रफ्तार से गेंद फेंकने वाले कोर्बिन बॉश अपने शहर में टेस्ट पदार्पण करेंगे। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और मार्को जानसेन के साथ डेन पीटरसन और बॉश तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे।

# पूर्व क्रिकेटरों ने कमेंट्री में की हिन्दी की दुर्गति

एजेंसी ▶▶| इंदौर

मशहूर खेल कमेंटेटर सुशील दोशी ने ज्यादातर पूर्व क्रिकेटरों की हिन्दी कमेंट्री के गिरते स्तर पर नाराजगी जताते हुए बुधवार को कहा कि देश में सबसे ज्यादा बोली और समझी जाने वाली जुबान की इस दुर्गति पर रोक लगाई जानी चाहिए। दोशी ने कहा, 'पूर्व क्रिकेटर हिन्दी कमेंट्री में आएं, अच्छी बात है। लेकिन आज ऐसे पूर्व क्रिकेटर भी हिन्दी कमेंट्री कर रहे हैं जिन्हें हिन्दी से कोई प्रेम नहीं है। वे हिन्दी के बहाने केवल पैसा कमाने के लिए यह काम कर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि ये लोग हिन्दी कमेंट्री के साथ न्याय करें।' दोशी ने जोर देकर कहा कि जब किसी देश की कोई भाषा खराब होती है, तो राष्ट्रीय



चरित्र और संस्कारों पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। दोशी ने मिसाल देते हुए कहा कि जब कोई पूर्व क्रिकेटर कमेंट्री के दौरान बोलता है कि 'किरकिट खेली जा रही है', तो नई पीढ़ी के लोग भी हिन्दी का यह गलत प्रयोग सीखेंगे क्योंकि वे इस शख्स को अपने नायक के तौर पर देखते हैं। वह ठहाके के साथ एक वाकया याद करते हुए बताते हैं, 'एक क्रिकेट मैच के दौरान जब एक खिलाड़ी क्षेत्ररक्षण के दौरान घायल हो गया और कुछ लंगड़ा कर चलने लगा, तो मैंने हिन्दी में कमेंट्री कर रहे एक पूर्व क्रिकेटर को कहते सुना कि उसका चाल-चलन खराब हो गया है।' दोशी ने कहा कि हिन्दी कमेंट्री की दुर्गति रोकने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को भी कदम उठाने चाहिए।







# नासा के पार्कर सोलर प्रोब ने सूरज के सबसे करीब पहुंच कर रचा इतिहास

वॉशिंगटन। नासा के एक स्पेसक्राफ्ट ने सूर्य के अब तक के सबसे करीब पहुंचकर इतिहास रच दिया है, जो अब तक किसी भी अंतरिक्ष यान ने नहीं किया है। नासा के सूर्य यान पार्कर सोलर प्रोब ने क्रिसमस 24 दिसम्बर की पूर्व संध्या पर कोरोना की भीषण गर्मी का सामना करते हुए सूर्य से केवल 61 लाख किलोमीटर की दूरी के भीतर उड़ान भरी। स्पेस डॉट कॉम के अनुसार, 24 दिसम्बर को अमेरिका के पूर्वी समयानुसार सुबह 6 बजकर 53 मिनट (भारतीय समयानुसार शाम 5.23 बजे) पर अंतरिक्षयान सूर्य की सतह के सबसे नजदीक से होकर गुजरा।

## बना ब्रह्मांड में सबसे तेज मानवनिर्मित ऑब्जेक्ट

### सतह से लाखों डिग्री गर्म है कोरोना

सूर्य की सतह का तापमान 6000 डिग्री सेल्सियस है, लेकिन कोरोना लाखों डिग्री तक पहुंचता है। यह कुछ ऐसा है कि आप किसी चीज को पकाने के लिए उसे आग से एक मील दूर लेकर जाएं और वह जल्दी पक जाए। 2018 में लॉन्च किया गया पार्कर प्रोब पहले ही 21 सोलर फ्लाईबाई पूरे कर चुका है। हर बार यह सूर्य के और करीब पहुंच रहा है। यह मिशन इसे सूर्य के कोरोना के सबसे बाहरी वातावरण में ले जाएगा, जहां तापमान 1400 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।



### गर्मी से बचने के लिए लगी है शील्ड

अंतरिक्ष यान अपने उपकरणों की सुरक्षा के लिए कार्बन-कम्पोजिट शील्ड से लैस है। नासा की डॉक्टर निकोला फॉक्स ने मिशन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सदियों से लोग सूर्य का अध्ययन करते रहे हैं, लेकिन आप किसी स्थान के वातावरण का अनुभव तब तक नहीं कर पाते, जब तक आप वास्तव में वहां नहीं पहुंच जाते।

### ब्रह्मांड की सबसे तेज मानवनिर्मित वस्तु

सूर्य के इतने करीब पहुंचकर पार्कर सोलर प्रोब ने अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है और किसी भी पिछले मिशन की तुलना में सूरज के सात गुना करीब पहुंचा है। सोलर प्रोब से अभी सूर्य के कम से कम दो फ्लाईबाई करने की उम्मीद है, लेकिन यह अब तक का सबसे निकटतम है। इस दौरान नासा के अंतरिक्षयान 6,92,017 प्रति घंटे की सांस रोक देने वाली रफ्तार से यात्रा, जिससे यह अब तक की सबसे तेज मानवनिर्मित वस्तु बन गई है। पार्कर का रेकॉर्ड तोड़ना कोई नई बात नहीं है। इसके पहले इसने 21 सितम्बर 2023 को 6,35,266 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़कर सबसे तेज रफ्तार का रेकॉर्ड बनाया था। सूर्य के सबसे करीब होकर गुजरने के दौरान नासा को अपने अंतरिक्ष यान से संपर्क खोना पड़ा था।


### 900 डिग्री सेल्सियस का सामना

सूर्य के कोरोना के बारे में डेटा एकत्र करने के लिए पार्कर प्रोब को 1800 डिग्री फारेनहाइट (980 डिग्री सेल्सियस) तापमान का सामना करना पड़ा। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह डेटा सूर्य के बाहरी वातावरण के बारे में लंबे समय से चले आ रहे रहस्य को सुलझाने में मदद कर सकता है। इसमें कोरोनल हीटिंग समस्या जैसी गुत्थी भी शामिल है। प्रोब का उद्देश्य इस रहस्य को सुलझाने में मदद करना है कि सूर्य के प्राथमिक ऊर्जा स्रोत (कोर) से दूर होने के बावजूद कोरोना, सूर्य की सतह की तुलना में लाखों डिग्री अधिक गर्म क्यों है।



# सुनीता विलियम्स की हेल्थ से खेल रहा नासा?

## फिर टाली वापसी तो एक्सपर्ट ने जताई स्वास्थ्य पर चिंता



वॉशिंगटन। अंतरिक्ष स्टेशन पर जून से फंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर को धरती पर वापसी की उम्मीदों को एक बार फिर झटका लगा, जब उनकी वापसी को मार्च तक के लिए टाल दिया गया। इस तरह से उनका मिशन 8 दिनों का मिशन 9 महीने से लंबा खींच गया है। अब उनका नाम नासा के उन अंतरिक्ष यात्रियों की सूची में शामिल हो सकता है, जिन्होंने अंतरिक्ष में 300 से ज्यादा दिन बिताए हैं। अब तक केवल 5 अंतरिक्ष यात्री इतना लंबा मिशन पूरा कर सके हैं। इस बीच हेल्थ एक्सपर्ट ने अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य को लेकर नई चिंताएं जाहिर की हैं।

### खुद से चलना होगा मुश्किल

बायोमेडिकल इंजीनियर डॉ. जॉन जैक्विश ने डेलीमेल को बताया कि 'जब तक दोनों अंतरिक्ष यात्री धरती पर वापस आएंगे, उन्हें नाजुक फ्रैक्चर का अत्यधिक जोखिम होगा।' उन्होंने कहा कि 'वे शायद खुद से चलने में सक्षम नहीं होंगे। अंतरिक्ष यान से उन्हें उतारने में स्ट्रेचर की मदद लेनी पड़ सकती है और शरीर को फिर से तैयार करने में महीनों लगेंगे।' अंतरिक्ष में लंबे मिशन के बाद अंतरिक्ष यात्रियों के लिए ऐसा होना असामान्य नहीं है, लेकिन डॉक्टरों ने सुनीता विलियम्स के लिए विशेष चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि विलियम्स में पहले से ही वजन कम होने और कमजोरी के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, नासा ने इस अफवाहों का खंडन किया है।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा

कैलिफोर्निया स्थित साइकोलॉजिस्ट कैरोल लिबरमैन ने कहा कि विलियम्स और विल्मोर को मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए भी खतरे का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष यात्रियों को तनाव से निपटने का तरीका सिखाया जाता है, लेकिन 300 दिनों का यह उतार-चढ़ाव उनकी अपेक्षाओं से परे है। इस बीच सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष स्टेशन से नया वीडियो सामने आया है, जिसे नासा ने जारी किया है। इस वीडियो में सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर दूसरे अंतरिक्ष यात्रियों के साथ क्रिसमस बनाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान अंतरिक्ष स्टेशन से धरती पर लोगों को क्रिसमम का बधाई संदेश भेजा।

# न्यू-ईयर पर घूमने का बना रहे प्लान, अपनी पलटन संग पहुंच जाएं यहां, बन जाएंगे सारे बिगड़े काम!

छतरपुर। जिले के खजुराहो में स्थित मंतगेश्वर महादेव मंदिर अपने आप में अद्भुत है। यूनेस्को ने विश्व धरोहर में भी यह मंदिर शामिल है। मंतगेश्वर महादेव मंदिर एक शांत और अध्यात्मिक जगह है। यहां आकर आप नए साल को आध्यात्मिक तरीके से सेलिब्रेट कर सकते हैं। मंगेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी बाबूलाल गौतम बताते हैं कि यह शिवलिंग बहुत पुराना है। लेख में बताते हैं कि यह जितना ऊपर है, उतना ही नीचे है। यह शिवलिंग 9 फीट ऊपर है और 9 फीट नीचे है। यह शिवलिंग कुल 18 फीट का है। इस मंदिर का निर्माण 8-9वीं शताब्दी में हुआ था और बाकी कलाकृति वाले, जो मंदिर है वह 10-11वीं शताब्दी के बने हैं।



### विश्व धरोहर में शामिल है यह मंदिर

पुजारी बताते हैं कि नए साल में लाखों श्रद्धालु यहां भक्ति करने के लिए आते हैं। हालांकि, हर दिन ही हजारों श्रद्धालु यहां अपनी मनोकामना लेकर आते हैं। बता दें, मतंगेश्वर महादेव को यूनेस्को ने विश्व धरोहर में स्थान दिया है। इतिहास में यहां 85 मंदिरों के मौजूद होने का प्रमाण हैं, लेकिन आज सिर्फ 25 मंदिर ही बचे हैं।

### चंदेलकालीन से होती आई है पूजा

पुजारी बताते हैं कि इस मंदिर में पूजा-अर्चना चंदेल राजाओं के जमाने से होती आई है। यहां आज भी सुबह-शाम आरती होती है।

### मनोकामना होती है पूरी

पुजारी बताते हैं कि शिवलिंग को हांथ से स्पर्श करने पर यहां श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी हो जाती है। हाथ से स्पर्श करने पर श्रद्धालुओं को एहसास होता है कि उनकी मनोकामना पूरी होती है।

### शिवलिंग के पीछे की कहानी

भगवान शिव के पास मार्कंड मणि थी, जो उन्होंने युधिष्ठिर को दी थी। उन्होंने इसे मतंग ऋषि को दे दिया था, जिन्होंने फिर हर्षवर्धन को दिया था। माना जाता है कि उसने उसे जमीन में गाड़ दिया, क्योंकि उसकी देखभाल करने वाला कोई नहीं था और मणि के चारों ओर अपने आप एक शिवलिंग विकसित होने लगा। मणि मतंग ऋषि के पास होने के कारण इसका नाम मतंगेश्वर नाम पड़ा।















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com